Weather Report

अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.

जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक **संजीवनी टुडे**
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार



अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
मात्र 1100/- में
संजीवनी टुडे



वर्ष: 10 अंक: 317 जयपुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50


### 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग आज

# 2019 में भाजपा 40, डीएमके 24, कांग्रेस 15 और अन्य ने 23 सीटें जीती थीं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फ़ेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फ़ेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8% हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16% यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है ।अर्जुनराम मेघवाल लगातार 3 बार से इस सीट से सांसद हैं। अलवर सीट पर भाजपा के भूपेंद्र यादव और कांग्रेस के ललित यादव के बीच मुकाबला है। ललित यादव मुंडावर से विधायक हैं। 2023 विधानसभा चुनावों में वे 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीते थे। वहीं, भूपेंद्र यादव राजस्थान से ही दो बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं।



### 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति

एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इलेक्शन के पहले फ़ेज में 1618 उम्मीदवारों में से 450 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 4.51 करोड़ रुपए है। 10 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है। तमिलनाडु की थुथुकूडी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. पोनराज 320 रुपए के साथ सबसे गरीब उम्मीदवार हैं। आएसएस का हेडक्वॉर्टर होने के बावजूद नागपुर हमेशा कांग्रेस का गढ़ रहा। 1952 से 1996 तक और 1998 से 2009 तक ये सीट कांग्रेस के कब्जे में रही। 1996 के चुनाव में पहली बार उख्र्का खाता खुला था। तब बनवारीलाल पुरोहित सांसद चुने गए थे। 2014 में नितिन गडकरी ने कांग्रेस की जीत का सिलसिला तोड़ दिया। तभी से वे नागपुर सीट से सांसद हैं। गडकरी अब तीसरी बार मैदान में हैं। मुकाबला कांग्रेस के विकास ठाकरे से है। विकास ठाकरे नागपुर वेस्ट से विधायक हैं और मेयर रह चुके हैं। राजस्थान के बीकानेर में इस बार भी भाजपा ने मौजूदा कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को ही अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने उनके सामने राजस्थान सरकार में मंत्री रहे गोविंदराम मेघवाल को उतारा है। गोविंदराम मेघवाल हाल में खाजूवाला सीट से विधानसभा चुनाव हार गए थे।

### 161 कैंडिडेट्स पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 10% यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 7 उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 18 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 35 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में अलवर सीट में भाजपा के बाबा बालक नाथ ने जीत दर्ज की थी। 2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फ़ेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फ़ेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8% हैं। साथ ही, मैं आपसे अपने और अपने आस-पास के अन्य लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखने का भी अनुरोध करता हूं। लेटर के आखिर में पीएम ने वोटर्स से अपील करते हुए कहा, जनता गर्मी बढ़ने से पहले सुबह जल्दी वोट डालें। भाजपा उम्मीदवार के रूप में, मैं आपसे प्रत्येक मतदाता को अपना आश्वासन देने का आग्रह करता हूं कि मेरे समय का हर पल मेरे साथी नागरिकों के कल्याण के लिए समर्पित है।

### सलमान खान फायरिंग केस में एक और संदिग्ध पकड़ा गया

# गोलियां चलाने वाले शूटरों के संपर्क में रहा, अनमोल बिश्नोई से निर्देश ले रहा था

■ संजीवनी टुडे

मुम्बई। सलमान खान के घर के बाहर हुए फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने हरियाणा से एक और संदिग्ध को पकड़ा है। अभी तक व्यक्ति के नाम का पता नहीं चल सका है। पुलिस उसे अपने साथ मुंबई ले गई है। संदिग्ध से पूछताछ में पता चला है कि उसी ने मुख्य आरोपी विक्की और सागर को फायरिंग के लिए 1 लाख रुपए दिए थे। इसके बाद और भी पैसे देने का वादा किया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह संदिग्ध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के अमेरिका में बैठे भाई अनमोल बिश्नोई के टच में था। इससे पहले 16 अप्रैल को मामले के दो मुख्य आरोपी सागर पाल और विकास उर्फ विक्की गुप्ता को गुजरात से गिरफ्तार किया गया था। दोनों बिहार के रहने वाले हैं। इन दोनों ने ही हरियाणा के संदिग्ध का नाम पुलिस को बताया था। उनका कहना है कि वो फायरिंग से जुड़ी जानकारी इसी व्यक्ति को दे रहे थे। पुलिस ने सागर पाल के भाई सोनू पाल सहित कुल 7 लोगो को मुंबई पूछताछ के लिए बुलाया है और इनसे पूछताछ की जा रही है। इधर, मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दोनों आरोपी सलमान को मारना नहीं, बल्कि डराना चाहते थे। इसी वजह से उनके घर के बाहर फायरिंग की थी। इस घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सलमान के घर उनसे



और उनके पिता सलीम खान से मिलने पहुंचे थे। न्यूज एजेंसी इगक्रने सूत्रों के हवाले से बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने सलमान खान का भी बयान दर्ज किया है। उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। साथ ही उन्होंने सवाल उठाए हैं कि आखिर इतनी पुलिस सुरक्षा के बीच फायरिंग कैसे हुई। मामले में मुख्य आरोपियों की पहचान विक्की गुप्ता और सागर पाल के तौर पर हुई है, जो बिहार के रहने वाले हैं। इन्होंने सलमान के घर और पनवेल स्थित फार्म हाउस की रेकी की थीं और पांच राउंड फायर किए थे। आरोपियों ने जिस पिस्तौल से फायरिंग की थी, उसे रिकवर नहीं किया जा सका है। दोनों आरोपियों को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने सोमवार देर रात गुजरात के भुज से अरेस्ट किया था। उन्हें मंगलवार दोपहर मुंबई लाया गया था।

### चुनाव से ठीक पहले पीएम मोदी का उम्मीदवारों को पत्र: लिखा

# आप सभी संसद पहुंचेंगे ये विश्वास है, एक-एक वोट मजबूत सरकार बनाएगा

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। रामनवमी के अवसर पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखा है। इस लेटर में पीएम मोदी ने सभी उम्मीदवारों को जीत का विश्वास दिलाया है। घ्ख्र ने लिखा- आप सभी जनता के आशीर्वाद से संसद पहुंचेंगे। हमें मिलने वाला एक-एक वोट मजबूत सरकार की ओर बढ़ता कदम होगा। पीएम ने आगे लिखा- एक टीम के रूप में, हम निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और क्षेत्र के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह लेटर भाजपा द्वारा किसी निर्वाचन क्षेत्र में हर किसी तक घ्ख्र का संदेश पहुंचाने की कवायद का हिस्सा है। कोयंबटूर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कुप्पुस्वामी अन्नामलाई को भेजे लेटर में पीएम लिखते हैं- रामनवमी के शुभ अवसर पर आपको लिखते हुए खुशी हो रही है। मैं आपको अच्छी सरकारी नौकरी छोड़ने और लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होने के आपके निर्णय पर आपको बधाई देता हूं। आप तमिलनाडु में भाजपा की जमीनी स्तर पर उपस्थिति को मजबूत करते रहे हैं। आपने कानून प्रवर्तन, शासन और युवा सशक्तीकरण सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर



देने में वास्तव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनता के आशीर्वाद से, मुझे विश्वास है कि आप संसद तक पहुंचेंगे। आप जैसे टीम के सदस्य मेरे लिए बहुत बड़ी संपत्ति हैं। पीएम ने आगे लिखा, इस लेटर के माध्यम से, मैं आपके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को बताना चाहता हूं कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। लोग कांग्रेस के 5-6 दशकों के शासन में जिन कठिनाइयों से गुजरे हैं, उन्हें याद होगा। पिछले 10 सालों में, समाज के हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, इनमें से कई परेशानियां दूर हो गई हैं, फिर भी, अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में यह चुनाव निर्णायक होगा।

### पीएम ने लिखा- यह चुनाव वर्तमान को उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने का है

इसी तरह का एक लेटर अनिल बलूनी को मिला। जिसमें पीएम लिखते हैं, यह चुनाव हमारे वर्तमान को उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने का एक अवसर है। भाजपा को मिलने वाला प्रत्येक वोट एक स्थिर सरकार बनाने की दिशा में जाएगा और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा को गति प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण समय में, मैं आपसे और अन्य सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव अभियान के आखिरी कुछ घंटों का पूरा उपयोग करने का भी आग्रह करता हूं।

### हरियाणा में 2 हजार करोड़ के मालिक ने उठाई बोरियां

# कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल, मां सावित्री देश की सबसे अमीर महिला

■ संजीवनी टुडे

कुरुक्षेत्र। देश के चुनिंदा इंडस्ट्रियलिस्ट, करीब 2 हजार करोड़ के मालिक और हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल बुधवार को चुनाव प्रचार के दौरान पल्लेदार बने नजर आए। उन्होंने रादौर की अनाज मंडी में गेहूं की बोरी कंधे पर उठाकर ट्रक में लोड की। उनके इस काम को मौके पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर सराहा। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। करीब 10 साल से राजनीति से दूर रहे नवीन जिंदल ने हाल ही में भाजपा जॉइन की है। उनकी माता सावित्री जिंदल देश की सबसे अमीर महिला हैं। उन्होंने भी कुछ दिन पहले कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थामा है। वहीं इस पर तंज कसते हुए हरियाणा में इइछ के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट अनुराग ढांडा ने सोशल मीडिया पर लिखा- इन्हीं किसानों की बीजेपी ने ली जान, किसानों की पहलवान बेटियों का बीजेपी ने किया अपमान, किसानों के बेटों का अग्निवीर लाकर चकनाचूर किया जब स्वाभिमान, तब आप कहां थे श्रीमान। देश के स्टील कारोबारी नवीन जिंदल की कुल संपत्ति करीब 2 हजार करोड़ रुपए है। उनकी कंपनी जिंदल स्टील का बाजार मूल्य 686 अरब रुपए से भी अधिक है। वह 24 मार्च को भाजपा में शामिल हुए थे।



### कंधे पर रख बोरी ट्रक में चढ़ाई

कुरुक्षेत्र अनाज मंडी से सामने आए वीडियो में नवीन जिंदल गेहूं की बोरी कंधे पर उठाकर ट्रक में लोड करते दिख रहे हैं। इस पर समर्थकों ने नवीन जिंदल जिंदाबाद और हमारा नेता कैसा हो के नारे लगाते हुए तालियां बजाईं। नवीन जिंदल गेहूं की बोरी ट्रक में रखने के बाद समर्थकों के जोश वर्धन के लिए हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आए। वह यहां चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। उन्होंने भाजपा का पटका भी गले में डाला हुआ था।नवीन जिंदल उद्योगपति ओम प्रकाश जिंदल के सबसे छोटे बेटे हैं। नवीन जिंदल हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से 2 बार कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। वह पहली बार 2004 में कुरुक्षेत्र सीट से चुनाव जीते थे। 2009 में वह लगातार दूसरी बार कुरुक्षेत्र से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें तीसरी बार कुरुक्षेत्र सीट से टिकट दिया लेकिन नरेंद्र मोदी की लहर के दौरान वह भाजपा के राजकुमार सैनी के सामने चुनाव हार गए। इसके बाद जिंदल परिवार राजनीति से दूर हो गया। नवीन जिंदल की गिनती देश के चुनिंदा सबसे अमीर व्यक्तियों में होती हैं। इस समय वह जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के अध्यक्ष और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर हैं। हाल ही में वह इंडियन स्टील एसोसिएशन के अध्यक्ष भी चुने गए हैं।

# वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी भारतीय नौसेना के नए चीफ नियुक्त

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का नया चीफ नियुक्त किया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार देर रात इसकी घोषणा की। दिनेश त्रिपाठी वर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे। वे 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे हैं। दिनेश त्रिपाठी इसी दिन पदभार संभालेंगे। दिनेश त्रिपाठी अभी नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ हैं। वे इससे पहले पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं।



अपने 39 साल लंबे करियर में उन्होंने भारतीय नौसेना के कई अहम असाइनमेंट्स पर काम किया है। वाइस एडमिरल दिनेश 1 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना में कमीशंड हुए थे। वे कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक वारफ़ेयर स्पेशलिस्ट हैं। वे नौसेना के फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सिग्नल कम्युनिकेशन ऑफिसर और इलेक्ट्रॉनिक वारफ़ेयर ऑफिसर रहे हैं। उन्होंने गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर ऋाट्ट मुंबई के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और प्रिंसिपल वारफ़ेयर ऑफिसर के रूप में भी काम किया है। दिनेश त्रिपाठी ने ऋाट्ट किर्च, त्रिशूल और विनाश जैसे नौसैनिक जहाजों की कमान भी संभाली है। दिनेश त्रिपाठी ने कई अहम ऑपरेशनल और स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है। इसमें मुंबई में पश्चिमी बेड़े के फ्लीट ऑपरेशन्स ऑफिसर, डायरेक्टर ऑफ नेवल ऑपरेशन्स, प्रिंसिपल डायरेक्टर नेटवर्क सेंट्रिक ऑपरेशन्स और नई दिल्ली में प्रिंसिपल डायरेक्टर नेवल प्लान्स शामिल हैं। उन्होंने रियर एडमिरल के पद पर प्रमोशन के बाद नेशनल हेडक्वार्टर में नौसेना स्टाफ के असिस्टेंट चीफ (पॉलिसी और प्लान्स) और पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में काम किया। जून 2019 में उनका वाइस एडमिरल के पद पर प्रमोशन हुआ। इसके बाद उन्हें केरल के एझिमाला में भारतीय नौसेना एकेडमी के कमांडेंट के रूप में नियुक्त किया गया था। वे जुलाई 2020 से मई 2021 तक नौसेना संचालन के डायरेक्टर जनरल थे।

### महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला: सांसद बृजभूषण बोले

# घटना के वक्त दिल्ली में नहीं था, आरोपों की जांच हो, 26 अप्रैल तक फैसला सुरक्षित

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। कैसरगंज उत्तर प्रदेश से सांसद और डक्क्क (रेसलर्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह गुरुवार (18 अप्रैल) को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। अदालत ब्रज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय करने के लिए फैसला सुनाने वाली थी। हालांकि, बृजभूषण का दावा है कि घटना के वक्त 7 सितंबर 2022 को वे दिल्ली में नहीं थे। इसलिए इन आरोपों की जांच की जाए। उन्होंने एक्ट की कॉपी भी मांगी है। दलीलों के बाद कोर्ट ने 26 अप्रैल तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जून 2023 में ब्रजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। उनके खिलाफ धारा 354, 354-इ, 354-कऔर 506 के तहत आरोप लगाए। इसी मामले पर पहली बार 18 जनवरी 2023 को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट समेत 30 से ज्यादा पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन किया था। बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से 2009 से लगातार सांसद हैं।

### कोर्ट के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर



खेल मंत्रालय के दखल के बाद पहलवानों ने विरोध-प्रदर्शन खत्म कर दिया था। मामले में एक जांच कमेटी भी बनाई गई थी। हालांकि, अप्रैल 2023 में एक बार फिर पहलवानों ने प्रदर्शन शुरू करने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। पहलवान मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोर्ट पहुंच गए थे। कोर्ट के आदेश पर ही दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।

### 50 से ज्यादा स्कूल-कॉलेजों के मालिक

ब्रजभूषण शरण सिंह 15 साल से कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद हैं। वे गोंडा, बलरामपुर, कैसरगंज से 6 बार सांसद रह चुके हैं। चुनावी हलफनामे के मुताबिक बृजभूषण सिंह के पास करीब 10 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति है। वहीं उनकी पत्नी के पास करीब 6 करोड़ रुपए की संपत्ति है। उनके पास स्कॉर्पियो, फोर्ड और फॉर्च्यूनर जैसी कई गाड़ियां हैं। सरकारी डेटा से इतर बृजभूषण सिंह इलाके के करीब 50 से ज्यादा स्कूल कॉलेजों के मालिक हैं। अलग-अलग सेक्टर में ठेकेदारी का काम भी करते हैं। वे हेलिकॉप्टर और घोड़ों की सवारी के लिए भी मशहूर हैं। रेसलिंग फ़ेडरेशन का अध्यक्ष रहते उन पर महिला पहलवानों से यौन शोषण का आरोप लगाया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 अप्रैल को कहा कि फैसला 26 अप्रैल को सुनाया जाएगा। कैसरगंज लोकसभा सीट पर पांचवें फ़ेज यानी 20 मई को वोटिंग होनी है। यहां 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होगा। 3 मई नॉमिनेशन की आखिरी तारीख है। स्क्रूटनी 4 मई को और नामवापसी की आखिरी तारीख 6 मई है।

# कर्नाटक के कॉलेज में कांग्रेस नेता की बेटी की हत्या

■ संजीवनी टुडे

बेंगलुरु। कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में गुरुवार (18 अप्रैल) को कांग्रेस नेता की बेटी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें आरोपी युवती पर हमला करता हुआ दिखा। युवक ने युवती के गले, पेट सहित शरीर पर चाकू से 7 वार किए। इस दौरान युवक को भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां युवती को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवती की पहचान 23 साल की नेहा हिरेमथ के रूप में की गई है। वह कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी थी। युवती बीवीबी कॉलेज में एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। आरोपी युवक उसी कॉलेज का ड्रॉपआउट स्टूडेंट है। उसकी पहचान 23 साल के फैयाज खोंडुनाईक के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि युवक और युवती एक दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों बीसीए के दौरान क्लासमेट थे। युवती ने उसका प्रपोजल ठुकरा दिया था, जिसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना शाम 5 बजे की है। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि नेहा कॉलेज कैंपस से बाहर जा रही थी। इसी दौरान फैयाज उसके सामने आ गया। दोनों के बीच पहले कुछ बातचीत हुई, इसके बाद फैयाज ने नेहा पर चाकू से हमला कर दिया। पहली बार चाकू लगते ही नेहा जमीन पर गिर गई। फिर फैयाज ने उस पर एक के बाद एक छह बार चाकू से वार किए। हमले के बाद फैयाज ने भागने की कोशिश की, लेकिन कुछ छात्रों ने उसका पीछा किया और पकड़ लिया। कॉलेज के स्टाफ और दूसरे स्टूडेंट्स नेहा को अस्पताल ले गए। हालांकि, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। फैयाज ने पूछताछ के दौरान बताया कि नेहा उसके साथ रिलेशनशिप में थे। कुछ दिनों से अचानक वह उससे दूर रहने लगी थी। इसलिए उसने घटना को अंजाम दिया।



### ईडी ने शिल्पा शेट्टी का फ्लैट अटैच किया

# राज कुंद्रा का बंगला और शेयर भी शामिल, मनी लॉड्रिंग केस में 97 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। मामला 2002 के बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। क्कने ड्ड पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। ईडी के एक्शन के बाद राज और शिल्पा के वकील प्रशांत पाटिल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, ' क्ककी जांच में राज और शिल्पा पूरा सहयोग करेंगे। वहीं, हमें निष्पक्ष जांच पर भी पूरा भरोसा है।' ईडी ने वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। राज को मोबाइल ऐप पर अश्लील फिल्में बनाने और अपलोड करने के आरोप में जुलाई 2021 में गिरफ्तार किया गया था। करीब 2 महीने बाद उन्हें जमानत मिली थी।




### बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम से जुड़ा है मामला

जांच एजेंसी का आरोप है कि आरोपियों ने बिटकॉइन के रूप में हर महीने 10% रिटर्न के झूठे वादे के साथ लोगों से बिटकॉइन (2017 में ही 6600 करोड़ रुपए कीमत) के रूप में बड़ी रकम इकट्ठा की थी। इन बिटकॉइन का इस्तेमाल बिटकॉइन माइनिंग में होना था, लेकिन प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से अर्जित बिटकॉइन को ऑनलाइन वॉलेट में छिपा दिया। डील फ़ेल हो गई और इन्वेस्टर्स को उनका फायदा नहीं दिया गया। दावा किया गया कि कुंद्रा को यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग फार्म स्थापित करने के लिए गेन बिटकॉइन पॉन्जी के मास्टरमाइंड और प्रमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त हुए, जो उनके पास अभी भी हैं, जिनकी मौजूदा कीमत में 150 करोड़ रुपए से ज्यादा है। मामले में 11 जून 2019 को पहली शिकायत और 14 फरवरी 2024 को सप्लिमेंटरी कम्पलेन दर्ज की गई। जिसके बाद स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने इस पर एक्शन लिया।

## खबरें फटाफट

### आज मनाया जायेगा पर्वराज रिज़वान का त्योंहार, स्थानीय आध्यात्मिक सभा का होगा चुनाव



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। 20 अप्रैल की पूर्व संध्या को बहाई भवन, बापूनगर में बहाई धर्मावलंबियों द्वारा ''महापर्व'' रिज़वान का उत्सव मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए स्थानीय बहाई आध्यात्मिक सभा के सचिव अनुज 'अनन्त' ने बताया कि इस अवसर पर प्रार्थनाएं, गीत-संगीत एवं खेल के कार्यक्रम व बहाउल्लाह द्वारा प्रकटित रिज़वान की विशेष प्रार्थना की।जायेगी। उल्लेखनीय है कि रिज़वान का उत्सव बहाई समुदाय द्वारा बारह दिनों के लिए मनाया जाता है जिनमें से पहला, नवां और बारहवां दिन विशेष रूप से पवित्र माने जाते हैं। पहले दिन 21अप्रैल 1863 को बहाउल्लाह ने स्वयं के ईश्वरीय अवतार होने की घोषणा की थी इसी वजह से सम्पूर्ण बहाई जगत में इस दिन स्थानीय बहाई आध्यात्मिक सभा का चुनाव किया जाता है जहां 18 वर्ष से अधिक के बहाई 21 वर्ष से अधिक 9 बहाईयों का चुनाव अगले एक साल के लिए करते है। नवें दिन बगदाद में टिगरिस नदी के किनारे उनका परिवार उनसे आकर मिला था। एक नए धर्म की घोषणा करने के कारण उस समय बहाउल्लाह को उनकी जन्मभूमि तेहरान से निष्कासित करके बगदाद भेज दिया गया था जहां ''रिज़वान'' अर्थात स्वर्ग के बगीचे में उन्होंने अपने अवतार स्वरूप की घोषणा की थी।

### देहज लोभियों ने चांदनी सी बहु को करंट देकर मार दिया

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। शहर के जस्सूसर गेट इलाके में देहज लोभियों ने अपने परिवार की चांदनी सी बहु को करंट देकर मार दिया। इस घटना से मृतका के पीहर वालों में कोहराम सा मचा हुआ है। दरअसल,जस्सूसर गेट के बाहर कोठारी होस्पीटल के पास रहने वाले सोनू सोनी की पत्नि श्रीमति मनीषा सोनी की बुधवार को ससुराल में संदिग्ध हालातों में मौत हो गई । मृतका के शव पर करंट देने के निशान थे। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से देहज की मांग को लेकर मनीषा को प्रताड़ित कर रहे पति सोनू समेत उसके ससुराल वालों ने उसे करंट देकर मार दिया। मामला संगीन हालातों में विवाहिता हत्या का होने के कारण पुलिस ने उसके शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है। सीआई नया शहर विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि इस मामले को लेकर मृतका मनीषा के भाई अशोक सोनी की रिपोर्ट पर मनीषा के पति सोनू सोनी,ससुर दीपक सोनी,बड़े ससुर प्रकाश सोनी,काका ससुर रामचंद्र सोनी और देवर विष्णु सोनी के खिलाफ देहज हत्या का मामला दर्ज किया है।

### हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। श्री बजरंग धोरा विकास समिति की बैठक श्री बजरंग धोरा धाम में आयोजित की गई जिसमें हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को आयोजित होने वाले मेले में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी गई जिससे मेले में व्यवस्था ना बिगड़े मंदिर के आशीष दाधीच ने बताया कि मंदिर में सफाई,पार्किंग, लाइट पानी की उचित व्यवस्था हेतु जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी गई साथ ही बीकानेर पुलिस अधीक्षक महोदय से ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने हेतु निवेदन किया जाएगा ताकि यातायात सुगम हो यात्रियों के लिए पार्किंग व रेम्प की सुविधा की जा रही है साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से सभी भक्तों को आमंत्रित किया जा रहा है

### एडिटर एसोसिएशन के गठन पर विधायक जेठानंद व्यास ने संगठन को दी बधाई




■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। बीकानेर एडिटर एसोसिएशन ऑफ न्यूज पोर्टल्स के गठन पर बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानंद व्यास ने संगठन सदस्यों तथा पदाधिकारियों को बधाई दी है, इस दौरान विधायक व्यास एवं सामाजिक कार्यकर्ता जेपी व्यास ने संगठन सचिव विनय थानवी को एक बधाई पत्र सौंपा। बधाई संदेश में विधायक व्यास ने कहा कि पत्रकारिता का कार्य है, जनहित में महत्वपूर्ण नई जानकारी को उजागर करना और उस जानकारी को एक संदर्भ में रखना है. ताकि हम उस जानकारी का उपयोग मानव की स्थिति को सुधारने में कर सकें। विधायक व्यास ने संगठन के संरक्षक नीरज जोशी, अध्यक्ष आनंद आचार्य, सचिव विनय थानवी, कोषाध्यक्ष नारायण उपाध्याय, बुलेटिन एडिटर डॉ. मुदिता पोपली को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

# बाहुबली योद्धा हिदा मीणा की 336 जयंती विशेष: जयपुर शासक जयसिंह के लिए 1734 में कांचीपुरम से विष्णु भगवान की मूर्ति लाने पर हिदा मीणा के नाम से हिदा की मोरी बनाई थी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर नरेश जयसिंह के लिए करीबन 2500-2700 किमी दूर दक्षिण भारत के कांचीपुरम में वहां के राजाओं से युद्ध करके वृहदराज विष्णु भगवान की मूर्ति वहां के पूजारी परिवार सहित घोडों से जयपुर ले आने वाले वीरयोद्धा बाहुबली हिदा मीणा की गुरूवार को 336वीं जयंती हैं। हिदा मीणा का जन्म 18 अप्रेल 1688 में हुआ, प्रदेशभर के विभिन्न क्षेत्रों में हिदा मीणा की जयंती पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित होते हैं। एडवोकेट चैतन्य मीणा, क्षत्रीय मीणा महासभा संयोजक अजय झरवाल व अनेक इतिहासकारों के मुताबिक बाहुबली वीर योद्धा हिदा मीणा(झरवाल) का जन्म 18 अप्रेल 1688 व बलिदान वर्ष 1750 जयपुर में हुआ। जयपुर के राजा जयसिंह ने सन 1734 में विष्णु भगवान के नाम पर एक यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें पंडितों ने यज्ञ में वृहदराज विष्णु की असली मूर्ति को दक्षिण भारत के कांचीपुरम से लाने के लिए कहा। नरेश जयसिंह ने मूर्ति लाने के लिए तत्कालीन योद्धाओं व दरबारियों, राजाओं को कहा, लेकिन 2500-2700 किमी दूर से मूर्ति युद्ध करके लाने में कोई समर्थ नही हुआ। इस पर नरेश जयसिंह ने मीणा सरदारों, जागीरदारों से इस संबंध में सभी ने चर्चा की तो सभी ने एकमत से इस कार्य के लिए बाहुबली हिदा मीणा का नाम लिया। हिदा मीणा ने कांचीपुरम में वहां के राजा से मूर्ति की मांग की तो उन्होनें इंकार कर दिया। इस पर हिदा ने युद्ध करके विष्णु भगवान की प्राचीन मूर्ति को पीठ पर बांधकर घोडे से जयपुर वापस लौटा, उसकी के साथ कांचीपुरम से मूर्ति की पूजा करने वाले पंड़ित परिवार भी जयपुर आ गया।



### जयसिंह ने घाटगेट दरवाजे के पास हिदा की मोरी बनाई

जयसिंह हिदा मीणा की बहादुरी से प्रसन्न होकर कुछ इनाम देने का आग्रह किया, लेकिन हिदा ने उसे इंकार कर दिया। राजा के अत्यधिक आग्रह पर हिदा के नाम पर घाटगेट दरवाजे के पास एक छोटी मोरी/रास्ता बनाया गया। जयसिंह ने घाटगेट दरवाजे के पास परकोटे के किले की चारदीवारी में हिदा झरवाल के महल के पास, एक मोरी का नाम हिदा मीणा के नाम पर कर दिया। जो वर्तमान में भी सरकारी रिकॉर्ड में हिदा की मोरी के नाम से दर्ज है।

### हिदा की बहादुरी व राजा का प्रिय होना बना मौत षडयंत्र

हिदा की मोरी बनने के बाद जयसिंह के महलो और परकोटे से बाहर हिदा झरवाल बिना रोक-टोक के आवागमन हुआ। इससे राजस्थान के बड़े-बड़े राजा और राजदरबारी कुंठित और चिढ़ने लगे। हिदा मीणा को ठिकाने लगाने के लिए विभिन्न षड्यंत्र रचने लगे, लेकिन वे सफल नहीं हुए। एक दिन एक सामान्य हिदा नाम के व्यक्ति के हाथों से झगड़े में किसी की मौत के बाद उधर जयसिंह के दरबारियों को षड्यंत्र रचने का मौका मिल गया। वे बाहुबली असली हिदा मीणा का नाम लेकर उसे अपराधी घोषित करवा देते हैं। इस पर जयपुर नरेश जयसिंह ने जयगढ़ के किले पर तोप से बांधकर उड़ाने का आदेश दिया। मृत्युदंड से पहले हिदा मीणा ने ईश्वर से प्रार्थना की, मेरा सिर मेरे पुश्तैनी गांव, डोडा चैड़ कानोता-बस्सी में जाकर गिरे। क्षत्रीय मीणा महासभा संयोजक अजय झरवाल ने बताया कि जयपुर में घाटगेट दरवाजे के पास, अपने महल के पास हिदा मीणा भौमियां जी के रूप में आज भी पुजे जा रहे हैं। सर्वसमाज और हिदा झरवाल के वंशजों ने उनके नाम से गांव और घाटगेट जयपुर में मंदिर बनवाया है।

### हिदा के बलिदान की असलियत का भान हुआ तो काफी दुःखी हुए राजा

राजा जयसिंह को असलियत का पता चला तो अपने दरबारियों को खूब फटकारा और कहा आप लोगों ने उनके हाथ से निर्दोष, बाहुबली, चहेते योद्धा को मरवा दिया। राजा जयसिंह इसी आत्मग्लानि की दुःखी हुए। बाद में जयसिंह ने सहानुभूति वश उनके परिवार को जयपुर के पास साईवाड़ गांव की जागीर इनके नाम कर दी गई।

# कोई भी परीक्षा हमारे जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण: प्रमोद कुमार मीना

■ संजीवनी टुडे

जीवन बहुत कीमती और अनमोल है,और असफलताओं से निराश होकर आत्महत्या करना कायरता है,क्योंकि जिंदगी है तो जहां हैं।और कोई भी सफ़लता/ असफ़लता/ पद/ शोहरत/ सत्ता/ सम्पत्ति आदि अस्थायी है तथा ये जीवन से ऊपर नहीं है। प्रयास करना,मेहनत करना जीवन में जरूरी है लेकिन किसी चीज में इतना भी निवेश ना करें कि वो ना मिले तो जीवन में कहीं ऐसा लगने लगे कि मैंने सब कुछ खो दिया और जीवन निरर्थक लगने लगे। सिविल सेवा भी एक नौकरी है,लेकिन सलेक्टेड लोगों व कोचिंग संस्थानों और हमारे परिवेश ने बेवजह इस सेवा को कुछ ज्यादा ही स्पेशल तरीके से देश की एक मात्र सर्वेसर्वा वाली नौकरी बना दिया,जबकि ऐसा कुछ नहीं है,थोड़ा बहुत रूतबे का फर्क जरूर होता है लेकिन कोई भी वो नौकरी जिसे हम मेहनत से हासिल करते हैं वो खराब नहीं होती है।सभी में काम करने का बेहतर स्कोप होता है,सभी के द्वारा हम अच्छा जीवन यापन कर सकते हैं। महात्मा गांधी भी पढ़ाई लिखाई में टॉपर नहीं थे,लेकिन फिर भी वो अपने अच्छे कार्यों व विचारों से अपने व्यवहारिक जीवन में सच्चे हीरो साबित हुए थे तथा बहुत से सिविल सेवकों को भी रिटायरमेंट के बाद सारी सुख सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद भी आपने अपनी आंखों के सामने उन्हें लाचारी,बेबसी और शर्मिंदगी भरा बदतर जीवन जीते हुए देखा होगा,जबकि उनके जीवन में सुविधाओं की कोई कमी नहीं थी। तो फिर क्यूं हम इस नौकरी की असफलता को जीवन मरण से जोड़ें। दोस्तों इस अनमोल जीवन को जीवन के एक छोटे से हिस्से(जॉब आदि)के लिए समाप्त ना करें।इसके लिए लाइफ में प्लान उ हमेशा ले कर चलें। खुद से कॉम्पिटिशन रखें,भेड़ चाल ना चलें अपनी क्षमताओं और काबिलियत के अनुसार स्वयं अपना रास्ता चुनें,किसी से तुलना नहीं करें,मेहनत करे,पॉजिटिव रहें,जीवन का आनंद लेते हुए बेस्ट प्रयास करें,फिर भी अच्छा रिजल्ट ना मिले तो उसे भी स्वीकार कर जीवन मे आगे बढ़ें क्योंकि जीवन में सब कुछ खत्म कभी नहीं होता है और सुधार की गुंजाइश हमेशा जिंदा रहती है।



# 25 किलो की फूलमाला से हुआ स्वागत, वैभव बोले, जालोर-सिरोही में तरक्की एक्सप्रेस चलवाकर ही दम लूंगा

■ संजीवनी टुडे

### वैभव गहलोत 19 अप्रैल को जालोर के गांवों में करेंगे जनसंपर्क

जालोर/सिरोही। ङ्घभाजपा सांसदों ने पिछले 20 साल से जालोर-सिरोही लोकसक्षा क्षेत्र को पूरी तरह उपेक्षित कर रखा है। यहां विकास का कोई कार्य नहीं कराया है, लेकिन मेरा प्रण है कि अब मैं इस क्षेत्र को विकास की राह पर लाऊंगा, जालोर, सांचौर, सिरोही में तरक्की एक्सप्रेस चलवाकर ही दम लूंगा। मेरे वचन पत्र में इस क्षेत्र के विकास के लिए पानी, ट्रेन, रोजगार, शिक्षा सहित जो भी बातें हैं, उन्हें जरूर पूरा कराऊंगा और यहां के हर निवासी के सुख-दुख में साथ खड़ा रहूंगा।ङ्ख यह कहना है, जालोर-लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत का। वैभव गुरुवार को रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात और संवाद करते नजर आए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने टीका लगाकर, 25 किलो की फूल माला से वैभव गहलोत का स्वागत किया।



वैभव गहलोत ने सिरोही जिले के गांव वैलांगरी स्थित राम झरोखा संत जोगदास जी महाराज की समाधि के दर्शन किए और आशीर्वाद मांगा। इसके बाद वैभव ने रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के जसवंतपुरा, जोडवास, जाखड़ी, मारुवाड़ा, हर्षवाड़ा, जालेरा खुर्द, रानीवाड़ा सहित 45 गांव-शहर के लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, पूर्व मंत्री पवन गोदारा सहित सुनील पुरोहित, राणा सिंह, कन्हैया लाल सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे। वैभव गहलोत शुक्रवार को जालोर विधानसभा क्षेत्र के सांफाडा, केशवाना, आलासन, रेवतड़ा, विराना, सायला, चौराऊ, सुराणा, तिलोडा, दादाल, नारवाडा, खेतलावास, आलवाडा, दुदवा, आकावा, सांगाणा, तेजा की बरी, सिराणा, चोचूवा फाटा सहित 40 से अधिक गांवों के लोगों से मुलाकात और संवाद करेंगे।

### वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का 18,000 करोड़ का फ़र्दर पब्लिक ऑफरिंग 18 अप्रैल को खुलेगा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड 18 अप्रैल को इक्विटी शेयरों की अपनी फ़र्दर पब्लिक ऑफरिंग के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। कुल ऑफर साइज़ में ? 18,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। ऑफर का प्राइस बैंड ? 10 से ? 11 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 1,298 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1,298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को खुलेंगे और सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 को बंद होंगे। कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों की फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है।

# डॉ. विकास जैफ ने जमवारामगढ़ क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील की

## कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी चौपड़ा के समर्थन में डोर टू डोर डॉ. विकास जैफ ने गांव व ढाणियों में किया जनसंपर्क, मतदान महोत्सव आज

■ संजीवनी टुडे

भानपुर कलां। राजस्थान में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में होने वाले लोकसभा चुनावों का प्रचार बुधवार शाम को थम गया था। जिसके बाद गुरुवार को प्रत्याशी व उनके समर्थक डोर टू डोर जनसंपर्क करते नजर आए। इस दौरान जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के समर्थन में समाजसेवी डॉ विकास जैफ ने भी बुधवार देर शाम व गुरुवार को जमवारामगढ़ क्षेत्र के धलेर, बहलोड, बूज, मानोता, ड्योढ़ा डूंगर, खवारानीजी आदि सहित करीब एक दर्जन गांव व ढाणियों डोर टू डोर मतदाताओं से जनसंपर्क किया। इस दौरान डॉ विकास जैफ ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्षी पार्टी के लोगों को सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर डराने व धमकाने का काम कर रही है। इस दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त नेता को अपनी पार्टी में मिलाकर उसकी जांच बंद कर देती है। ऐसे में देश का माहौल खराब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे भाजपा के ऐसे कार्य से अब जनता वाकिफ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी पर प्रधानमंत्री मोदी जी को बात नहीं करते केवल लोगों को अपने मन की बात बताते है। राजस्थान में पिछली कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा सरकार के बंद करने से लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि देश मे धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है ताकि देश मे बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई व गरीबी पर से लोगों का ध्यान हटाया जा सके। विगत 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की। केवल मीडिया संस्थानों को हाईजैक कर अपनी वाह वाही लूटने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी ने 70 साल शासन कर गरीब एवं आमजन को मनरेगा, आरटीआई आदि कानून बनाकर राहत दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 10 साल से भाजपानीत सरकार सत्ता में होने पर इसबार 400 पार का नारा दिया जा रहा। जनता को भाजपा को वोट देने से पहले सोचना पड़ेगा कि इसने 10 साल में गरीबों, बेरोजगारों एवं आमजन के जीवन स्तर में सुधार के लिए कौन कौन सी योजनाएं लॉन्च की। भाजपा 10 साल से गरीबों का शोषण कर अमीरों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही। उन्होंने लोगों से अपील की इस बार मौका है वोट की चोट मारकर भाजपा के खिलाफ वोट करे। उन्होंने लोगों से जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रत्याशी अनिल चौपड़ा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।



# बीकानेर संसदीय क्षेत्र में 20 लाख 47 हजार 880 मतदाता पंजीकृत

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए बीकानेर संसदीय क्षेत्र में 20 लाख 47 हजार 880 मतदाता पंजीकृत हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि संसदीय क्षेत्र में शामिल आठ विधानसभा क्षेत्रों में 10 लाख 77 हजार 785 पुरुष मतदाता तथा 9 लाख 70 हजार 63 महिला मतदाता तथा 32 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 39 हजार 692, बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 39 हजार 217, बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 48 हजार 952 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कोलायत विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 57 हजार 544 मतदाता पंजीकृत है। इसी प्रकार लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 63 हजार 955, श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 68 हजार 142 तथा नोखा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 83 हजार 985 मतदाता वोट डालेंगे। अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 46 हजार 393 मतदाता पंजीकृत हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी वृष्णि ने बताया कि बीकानेर संसदीय क्षेत्र के कुल 1 हजार 929 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बीकानेर संसदीय क्षेत्र से कुल 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। अधिक से अधिक मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी की अपील करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए निर्भीक होकर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि चुनाव से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए सी विजिल एप या 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पेयजल, छाया, बिजली, बैठने आदि की व्यवस्थाएं की गई है। साथ ही लाइन में इंतजार ना करना पड़े इसके लिए बीकानेर एज नाम से एप विकसित किया गया है। इस एप पर मतदान केंद्र पर कतार में लगे लोगों की संख्या के संबंध में जानकारी मिल सकेगी। कोई भी मतदाता घर बैठे ही इस एप को डाउनलोड कर अपनी सुविधा अनुसार वोट देने जा सकता है। निर्वाचन फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डालने की सुविधा दी गई है। जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ पीएसयू/ सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी में कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर वोट दिया जा सकता है। वोटर इन्फ़ॉर्मेशन स्लिप पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं होगी। मतदाता को मतदान केन्द्र पर मतदान के समय एपिक कार्ड अथवा ऊपर वर्णित दस्तावेजों में से कोई एक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाना होगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने सियाणा और भाद्राजून में जनसभाओं को किया संबोधित

■ संजीवनी टुडे

जालोर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को आहोर विधानसभा क्षेत्र के सियाणा और भाद्राजून में जनसभाओं को संबोधित किया। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित इन सभाओं में भारी संख्या में आमजन अशोक गहलोत को सुनने उमड़ा। इन सभाओं में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वैभव ने अपना मैनिफ़ेस्टो जारी कर दिया है, जिसमें जालोर, सांचौर और सिरोही जिलों की तरक्की का रोडमैप बनाया गया है। इस वचन पत्र के माध्यम से इन जिलों की पेयजल, सिंचाई जल, रोजगार, ट्रेन, एयरपोर्ट आदि से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी और विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने आमजन को यकीन दिलाया कि वैभव ने जालोर क्षेत्र के विकास के लिए जो वादे किए हैं, उन्हें वह जरूर पूरा करेगा। आपके सुख-दुख में खड़ा रहेगा और आपके लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि वे 26 अप्रैल को कांग्रेस के वैभव गहलोत को अपना आशीर्वाद दें और ईवीएम मशीन पर 2 नंबर का बटन दबाकर वोट जरूर देवें।

### भाजपा का झूठ समझ चुकी जनता, चुनावों में करारा जवाब देगी

अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी काम किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बुनियादी विकास, खेती, पशुपालन सहित सभी क्षेत्रों में काम किए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को 2000 यूनिट और घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट फ्री बिजली दी गई, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। गौशालाओं को अनुदान दिया गया, महिलाओं, बुजुर्गों को पेंशन दी गई। किसानों का कर्ज़ा भी माफ किया। अलग से कृषि बजट पेश किया। जालोर को मेडिकल कॉलेज दिया। नर्मदा के पानी को लाने का प्रयास किया। कांग्रेस ने कभी भी आमजन को परेशान नहीं होने दिया, लेकिन भाजपा सरकार ने साढ़े तीन महीनों में ही कांग्रेस की चिरंजीवी, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, ओल्ड पेंशन स्कीम सहित विभिन्न योजनाओं को बंद कर दिया। राजीव गांधी युवा मित्रों को नौकरी से निकाल दिया। अब जनता भाजपा के इस झूठ को समझ चुकी है और लोकसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

### थाने में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं कराई कि सांसद गांव में नहीं आया

इस अवसर पर गहलोत ने आमजन से पूछा कि पिछले 15 साल से भाजपा सांसद रहे देवजी पटेल कभी गांवों में नजर आए, कभी किसी को दिखे। इस पर उपस्थित जनता ने कहा कि नहीं वह गांव में कभी नहीं आए। इस पर चुटकी लेते हुए गहलोत बोले, आप लोगों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं कराई कि सांसद जी गांव में नहीं दिखे, कहीं गुम गए हैं।



### कार्यक्रम में ये कांग्रेसजन भी हुए शामिल

सियाणा और भाद्राजून में आयोजित जनसभाओं में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनमें जालोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी हेम सिंह शेखावत सहित सरोज चौधरी, करणवीर सिंह, लाल सिंह धानपुर, सवाराम पटेल, उम सिंह चांदराई, प्रदीप सिंह चौहान, पद्माराम सरगरा, गरबाराम मीणा, छोगाराम चौधरी, मांगीलाल चौधरी, ओम सिंह परिहार आदि कांग्रेसजन शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 19 अप्रैल शुक्रवार को पिण्डवाड़ा-आबू एवं सिरोही क्षेत्र में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वैभव गहलोत के समर्थन में यह जनसभाएं सुबह आबू रोड, दोपहर पिण्डवाड़ा और शाम को जावाल में आयोजित की जाएंगी।

### गहलोत ने प्रदेशवासियों से की लोकतंत्र बचाने की अपील-

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जिस तरह ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए डर का माहौल बना रही है, उसे दूर करना जरूरी है। यह माहौल आमजन द्वारा मतदान कर बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनता की भलाई का काम करती आई है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच न्याय दिए हैं और सभी वर्गों के लिए 25 गारंटियां दी हैं, जिन्हें कांग्रेस जरूर पूरा करेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## खबरें फटाफट

### उमरिया में अज्ञात महिला की लाश मिली शिनाख्त नहीं हुई

■ संजीवनी टुडे

फलासिया।उदयपुर जिले के फलासिया पुलिस थानान्तर्गत उमरिया ग्राम पंचायत में बुधवार को अज्ञात महिला का शव उमरिया गांव पहाड़ों के नीचे पत्थरों के बीच में मिला है। जिसकी पहचान नहीं हुई है महिला की उम्र करीब 25ऽ30 साल बताई जा रही महिला पिंक कलर साड़ी पहनी और महिला चूड़ियां पहनी पुलिस ने महिला का फोटो आसपास थाना में शेयर कर महिला की शिनाख्त पता करने कोशिश जारी है लाश एक दिन पुरानी बताई जा रही

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने गुरूवार सुबह मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के आर्टस कॉलेज परिसर में चल रहे ईवीएम कमिशनिंग कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर पोसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी उदयपुर राजीव द्विवेदी के साथ आर्टस कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने विधानसभा वार ईवीएम कमिशनिंग कार्य का जायजा लेते हुए प्रभारी अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने ईवीएम में बैलेट पेपर सेट करने में पूर्ण सावधानी बरतने तथा मॉक पोल करके अच्छी तरह से जांच कर लेने के निर्देश दिए।

### जिले में मतदान दिवस 26 अप्रेल को अवकाश घोषित

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार उदयपुर जिले में द्वितीय चरण में 26 अप्रेल को मतदान दिवस नियत किया गया है। इस सबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर उदयपुर जिले के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस पर 26 अप्रेल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसके साथ ही निर्वाचन क्षेत्र के समस्त कार्यालयों में मतदान दिवस को अवकाश घोषित किया है। वहीं जिन विद्यालयों में मतदान संबंधी कार्य सम्पन्न किया जाना है और मतदान दलों के रुकने की व्यवस्था की जानी है वहां गुरुवार 25 अप्रेल को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या व्यवसाय में कार्यरत कामगारों का मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देय होगा।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने एरिया मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने एक आदेश जारी कर लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत उदयपुर एवं सलूंबर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपादित करने के लिए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र गोगुंदा के लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की उपमहानिरीक्षक तरु सुराणा, विधानसभा क्षेत्र झाडोल के लिए राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक कविता पाठक, खेरवाड़ा के लिए देवस्थान विभाग के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कुमार, उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए महाराणा प्रताप कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार बंशीधर कुमावत, उदयपुर शहर के लिए जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति राठौड, विधानसभा मावली के लिए टीएडी के अतिरिक्त आयुक्त अनिल कुमार शर्मा व वल्लभनगर के लिए भींडर के उपखंड मजिस्ट्रेट रमेश चंद्र बहेड़िया व सलूंबर के लिए स्मार्ट सिटी के एसीईओ कृष्णपाल सिंह चौहान को एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। संबंधिमत एरिया मजिस्ट्रेट चुनाव के दौरान पुलिस एवं संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट से संपर्क बनाए रखते हुए अपने-अपने क्षेत्र में कानून एवं चुनाव संबंधी अन्य व्यवस्थाएं संभालेंगे।

### लोकतंत्र एवं जन सहभागिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए शहर के पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में लोकतंत्र एवं जनसहभागिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए सभी को मतदान करने एवं आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूक किया। संस्थान की डॉ. पद्मा मील ने भी लोकतंत्र के महापर्व पर अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। संस्थान के डॉ. सुरेश शर्मा ने भी विचार रखे। अंत में पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने मतदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्थान के पन्नालाल शर्मा, अनुराधा सोनी, विनोद कुमार उपस्थित रहे।

# लोकसभा आम चुनाव- 2024: उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के 300 बूथ पर वोटिंग के समय कतार की मिल सकेगी जानकारी

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आम चुनाव - 2024 में आमजन की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग और राजस्थान निर्वाचन विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र पर वोटिंग के दौरान कतार की स्थिति भी घर बैठे पता चल सकेगी और वे अपनी सुविधानुसार बूथ पर जाकर मतदान कर सकेंगे ताकि उन्हें वहां ज्यादा देर तक इंतजार नहीं करना पड़े। आईटी विभाग के सहयोग उदयपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए तैयार विशेष वेब रेस्पोंरेंस एप वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम को गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर की उपस्थिति में लांच किया। जिला निर्वाचन अधिकारी पोसवाल ने बताया कि यह एप मतदाताओं के लिए बहुत अधिक सहायक सिद्ध होगा। इसकी मदद से मतदाता अपने बूथ पर कतार की स्थिति की जानकारी ले सकेंगे। पोसवाल ने सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर से उक्त एप की



जानकारी अधिक से अधिक लोग तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की। इस दौरान एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन, सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी डीओआईटी संयुक्त निदेशक सुश्री शीतल अग्रवाल, सह प्रभारी एपीआरओ विनय सोमपुरा सहित सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स उपस्थित रहे।

### ऐसे कर सकते हैं उपयोग

एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत लांच वेब एप्लीकेशन वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम का लिंक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ई-नगर डॉट कॉम स्लेश वीक्यूएमएस रहेगा। लिंक पर क्लिक करने पर एक वेब पेज खुलेगा।

मतदाता को वेब पेज पर ल्लबूथ में कतार की स्थिति जांचेंल्ल पर क्लिक करना होगा। मतदाता द्वारा संबंधित विधानसभा का चयन करने उपरांत मतदान केन्द्र का इन्द्राज कर कतार में खड़े मतदाताओं की संख्या की जानकारी मिल जाएगी। बी.एल.ओ. द्वारा संबंधित मतदान केन्द्र पर भीड़ की स्थिति एक निश्चित अन्तराल में वेब एप्लीकेषन पर अपडेट की जाएगी जिसे आमजन अपने मोबाइल पर आसानी से देख पाएंगे। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में उदयपुर शहर एवं उदयपुर ग्रामीण विधानसभाओं के शहरी क्षेत्रों के करीब 300 मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को यह सुविधा प्राप्त होगी। इसके उपयोग करने के लिए बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## सीएमएचओ ने किया मातृ शिशु स्वास्थ्य और पोषण दिवस का निरीक्षण



■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। घर के पास ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किये जा रहे मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का सीएमएचओ डॉ हेमन्त बिन्दल ने औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीएमएचओ ने आमेट ब्लॉक के हकियावास आंगनवाड़ी पर आयोजित मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया तथा वहां गर्भवती महिलाओं, प्रसुता महिलाओ, बच्चो एवं किशोर - किशोरीयो को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने वहां जांच उपकरणो की क्रियाशीलता को जांचा तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने कुम्भलगढ़ ब्लॉक के सैक्टर ओड़ा के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया तथा सेवाओं में गुणवत्ता के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पीएचसी ओड़ा का भी निरीक्षण किया तथा वैक्सीनेशन के लिये आवश्यक शीत श्रृंखला प्रबंधन को जांचा। उन्होंने बताया कि जिलेभर में तीसरे गुरूवार को जिलेभर में 242 स्थानो पर सत्र आयोजित किये गये जिसमें से 226 आंगनबाड़ी केन्द्रो, 10 स्वास्थ्य केन्द्रो तथा 6 अन्य सामुदायिक स्थानो पर आयोजित हुए। जिसमें 705 गर्भवती महिलाओं, 2072 बच्चो को लाभान्वित किया गया।

## फतहनगर में रक्तदान शिविर: रक्तवीरों ने किया 81 यूनिट रक्तदान, 15 युवाओं ने किया प्रथम बार रक्तदान, रक्तवीरों को उपहार देकर किया प्रोत्साहित

■ संजीवनी टुडे

फतहनगर। महावीर इंटरनेशनल की स्थानीय शाखा एवं सकल जैन समाज नवयुवक मंडल फतहनगर के संयुक्त तत्वावधान में साधना सदन परिसर में बुधवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 81 यूनिट रक्तदान किया गया। इस आयोजन में जिसमें शहर के हर वर्ग के कई नागरिको ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शाखा ने लगभग 15 युवाओं को प्रथम बार रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पधारे हुए सभी रक्तवीरों को एवं गणमान्य जनों को महावीर इंटरनेशनल शाखा की तरफ से पक्षियों के लिए परिंडे बाटें गए। इस दौरान संस्था अध्यक्ष अजय जैन, सचिव अभिषेक भण्डारी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शुभम चपलोत, ऋषभ सेठिया, निलेष पोखरना, विनय अग्रवाल, आयुष तातेड, शैलेश धर्मावत, विकास मारू, शुभम जैन, महावीर हिंगड ने सभी गणमान्य सदस्यों एवं नए सदस्यों का उपरना ओढाकर स्वागत किया। पूरी मेडिकल टीम को प्रशस्ति पत्र व उपहार प्रदान किए गए। आयोजकों द्वारा मेडिकल टीम का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व



पालिका अध्यक्ष कल्याणसिंह पोखरना, डॉ. जैनेन्द्र कुमार जैन, पार्षद विनोद धर्मावत, बाबूलाल उनिया, राजकुमार उनिया, डॉ. आशीष सिंघल, चिकित्साधिकारी डॉ विजय जैन, अशोक छाबड़ा, संजय छाबड़ा, प्रभात सिंयाल, पार्षद प्रतिनिधि प्रकाश देवड़ा आदि उपस्थित रहे। महावीर इंटरनेशनल के उच्च पदाधिकारी रीजन 4 के वाईस प्रेजिडेंट गौतम राठौड़, रीजनल सेक्रेटरी अनिल सिंघवी, गवर्निंग कॉउन्सिल मेम्बर सुनील गांग, मीडिया और पब्लिसिटी को-डायरेक्टर प्रकाश तलेसरा, जोन चेयरमेन आशीष जैन व जोन कोऑर्डिनेटर विशाल सामोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में इनके साथ मीटिंग करके महावीर इंटरनेशनल के गोल्डन जुबली होने पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

## स्वीप कार्यक्रम के जरिए चुंडावत खेड़ी में किया मतदाताओं को जागरूक, आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

■ संजीवनी टुडे

फतहनगर। समीपवर्ती बड़गांव पंचायत के चुंडावत खेड़ी गांव में गुरूवार को स्वीप टीम मावली द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इनमें पोस्टर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन किया गया। बच्चों के हाथों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नारे लिखी तख्तियां एवं बैनर थे। गली मोहल्लों में बच्चों ने नारे लगाकर गांव में मतदान करने के प्रति माहौल तैयार करने में कसर नहीं रखी। स्वीप टीम सदस्य प्रेम शंकर सालवी द्वारा हाल ही लांच किए गए मतदाता जागरूक गीत को सुमधुर आवाज में सुनाकर मतदाताओं से बूथ पर जाकर मत देने के लिए अपील की। स्वीप कार्यक्रम में स्वीप मावली के टीम प्रभारी




सुभाष चंद्र सुथार ने स्वीप के बारे में जानकारी दी। प्रहलाद राय बडगुजर के द्वारा दो बैलेट यूनिट के बारे में बताया और शांतिलाल मीणा ने एक मत की कीमत का महत्त्व समझाया। कार्यक्रम में महेश कुमार विजयवर्गीय, भैरूलाल जाट, तपेश कुमार पालीवाल, राधा कृष्ण मेनारिया सहित उच्च प्राथमिक विद्यालय का स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे। इधर स्वीप टीम के मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार देशबंधु ने बताया कि मावली पंचायत समिति क्षेत्र के स्वीप प्रभारी विकास अधिकारी शैलेंद्र पी खींची के मार्ग दर्शन मे न्यूनतम मतदान वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बाल विकास अधिकारी आशा नेमनानी ने प्रत्येक आंगन वाडी केंद्रों पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर मतदान दिवस 26 अप्रेल को प्रातः 7बजे से सायं 6 बजे तक अपना मतदान कर शत प्रतिशत मतदान बढ़ाने में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। सभी मतदाताओ द्वारा शपथ ली गयी। इस दौरान थामला, गंदोली खेड़ा, डिंगरकिया, घणोली, वार्ड 18 आदि सभी स्थानों पर आंगवाडी कर्मचारी, किशोरी, महिलाएं व पुरुष आदि उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की बैठक: युवाओं तक मतदान का संदेश पहुंचाने में निभाएं सक्रिय भूमिका: जिला निर्वाचन अधिकारी

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव लोकसभा आम चुनाव- 2024 में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नित नए नवाचार किए जा रहे हैं। उदयपुर जिले में सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की बैठक गुरूवार को कलक्टेªट मिनी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रारंभ में सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी डीओआईटी संयुक्त निदेशक सुश्री शीतल अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया हैण्डल्स पर चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। पूर्व बैठक में लिए निर्णय अनुसार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की ओर से मिल रहे सहयोग को रेखांकित किया। उन्होंने क्वीज, स्लोगन, रिल्स, मिम्स आदि के बारे में आमजन तक मतदान का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी



पोसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया कम्यूनिकेशन का सशक्त प्लेटफार्म बन चुका है। विशेष कर युवा वर्ग इससे जुड़ा है। ऐसे में राष्ट्रीय महत्व के विषयों में सकारात्मक जानकारी आमजन तक पहुंचाने औन जनजागरण में सोशल मीडिया की महती भूमिका है। साथ ही सभी इंफ्लूएंसर्स से आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के तहत होने वाले मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने में सहयोग की अपील की। बैठक में शामिल इंफ्लूएंसर्स ने अपनी ओर से किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए आगामी दिनों में और अधिक सक्रियता के साथ मतदाता जागरूकता गतिविधियों में जुड़ने का भरोसा दिलाया। एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन ने निर्वाचन आयोग के विभिन्न एप की जानकारी देते हुए उन्हें प्रमोट करने की अपील की। सोशल मीडिया प्रकोष्ठ सहप्रभारी विनय सोमपुरा ने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैण्डल्स की रीच बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में संजित चौहान, संदीप राठौड़, प्रणय त्रिपाठी, गगन शर्मा, दिग्विजयसिंह, अभयसिंह भाटी, मनीष कोठारी, आरजे अंशुमान, रितिका कालरा, विप्लव सुथार, आरजे काव्य, भव्या कुमावत, डीओआईटी के विमलेशकुमार आदि उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में उदयपुर जिले में मतदाताओं विशेष कर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से स्मार्ट सिटी-स्मार्ट वोटर्स कैम्पेन शुरू किया गया है। प्रभारी अधिकारी सुश्री शीतल अग्रवाल ने बताया कि कैम्पेन के तहत ऑनलाइन क्वीज व स्लोगन प्रतियोगिता होगी। इसमें आमजन मोबाइल पर लिंक के माध्यम से जुड़ सकेंगे। क्वीज कॉम्पीटिशन में उन्हें निर्वाचन से जुड़े कुछ आसान सवालों के जवाब देने होंगे। इसी प्रकार स्लोगन राइटिंग कॉपीटिशन में मतदान से जुड़े स्लोगन लिखने होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही विजेताओं को कॉफी विथ कलेक्टर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

### एससी मोर्चा पदाधिकारियों ने सी.पी.जोशी के समर्थन में किया अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्ती में सम्पर्क



■ संजीवनी टुडे

फतहनगर।अनुसूचित जाति मोर्चा लोकसभा प्रभारी संजय चंदेल एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार खटीक ने मावली विधानसभा की अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्ती काली घाटी डबोक के लोगो से लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में जन संपर्क किया। घर घर सम्पर्क में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाओं से मुलाकात की गई। चंदेल ने उनसे मोदी सरकार की महिलाओं को समर्पित लोक कल्याणकारी योजनाओं को साझा किया और साथ ही उन योजनाओं के लाभार्थियों से उनके अनुभव भी पूछे। साथ ही बस्तियों में नव मतदाता जो कि पहली बार अपने मत का उपयोग करेंगे उनसे मोदी की भारत के युवाओं के लिए चलाई गई योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार खटीक ने आने वाली 26 तारीख पर मतदान उत्सव में सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए आग्रह किया। साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग को मजबूत बनाने के लिए केंद्र द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को भी साझा किया। चंदेल ने सीपी जोशी द्वारा क्षेत्र में करवाये गये विकास कार्यों को जन मानस से साझा करते हुवे उनसे सीपी जोशी को लोकसभा से प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डबोक एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रथा जोगी, महामंत्री नारायण जोगी, महेंद्र जोगी, गोविन्द जोगी, डालु, सोहन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिव्यांगों के लिए मददगार बन रही सक्षम एप

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। लोकसभा चुनाव 2024 में दिव्यांगों हेतु मतदान कार्य को सुगम बनाने के लिए सक्षम मोबाईल एप लॉन्च किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक जे पी चारण ने बताया कि इस एप की मदद से दिव्यांग विभिन्न सेवाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं। सक्षम एप पर रजिस्ट्रेशन हेतु मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से रजिस्ट्रेशन कार्य किया जाएगा। मतदाता को पहचान हेतु वोटर कार्ड, पासपोर्ट, पेनकार्ड आदि पहचान पत्र रजिस्ट्रेशन सक्षम एप पर अपलोड करना होगा। एप के माध्यम से नवीन रजिस्ट्रेशन, दिव्यांगमतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करने, मतदान स्थल के लिये वाहन सुविधा, ईपिक कार्ड मे सुधार हेतु, मतदाता सुची से नाम हटाने/जोड़ने हेतु, चुनावी आधार प्रमाणीकरण हेतु, सुविधाओं की जानकारी, मतदान केन्द्र पर व्हीलचेयर व अन्य सुविधाओ के लिये आवेदन मतदाता सूची मे नाम खोजने का विकल्प, पोलिंग बूथ का विवरण देखें, बूथ की जगह की सूचना आदि सुविधाएं उपलब्ध है। लोकतंत्र के इस महापर्व में इस लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत दिव्यांगों का मतदान सुनिश्चित करवाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार विशेष योग्यजन प्रकोष्ठ का गठन कार्यालय उपनिदेशक सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग, राजसमंद में किया गया है जिसमें विशेष योग्यजन के सुगम मतदान एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके फोन नंबर 02952-221169 है। अधिक जानकारी के लिये हेल्पलाइन नंबर (टोल फ्री) 1950 पर भी संपर्क किया जा सकता है। राजसमन्द जिले की चारों विधानसभा वार दिव्यांगों के सुगम मतदान हेतु समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु व्हाट्सएप नंबर से दिव्यांग हेल्पलाइन भी शुरू की गई है। विधानसभा क्षेत्र भीम में संदीप कुमार से 6376270281, विधानसभा क्षेत्र कुंभलगढ़ में अनिल कुमार से 9672133185, विधानसभा क्षेत्र नाथद्वारा में राजपाल सिंह से 8696523614, विधानसभा क्षेत्र राजसमन्द में दिनेश चन्द्र से 8949551866 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय का प्रशिक्षण

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आम चुनाव- 2024 के तहत 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान को लेकर गठित मतदान दलों में शामिल मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय का द्वितीय प्रशिक्षण गुरूवार से जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी जितेंद्र ओझा ने बताया कि मतदान दलों का प्रशिक्षण माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय एवं राजकीय फतह उमावि में शुरू हुआ। पहले दिन मतदान दल क्रमांक 1500 तक के कार्मिकों ने प्रशिक्षण लिया, शेष कार्मिकों का प्रशिक्षण शुक्रवार को होगा। सह प्रभारी डॉ महामायाप्रसाद चौबीसा ने बताया कि कार्मिकों को अलग-अलग बैच में दक्ष प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। इसमें मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय के दायित्व, मतदान दिवस की पूर्व संध्या और मतदान दिवस पर की जाने वाले गतिविधियों, बरती जाने वाले सावधानियों आदि से अवगत कराया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार निर्धारित प्रपत्रों के संधारण आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण स्थल पर ही स्थापित सुविधा केंद्रों पर मतदान दलों में शामिल कार्मिकों ने डाक मत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया।

### मतदान दलों के लिए पंचायत समिति/ तहसील मुख्यालयों पर रहेगी सशुल्क वाहन व्यवस्था

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। लोकसभा आम चुनाव - 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए प्रस्तावित मतदान को लेकर गठित मतदान दलों की सुविधा को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने रोडवेज मुख्य प्रबंधक को मतदान दल कार्मिकों के आवागमन के लिए सशुल्क पर्याप्त वाहन व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण 25 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के आर्टस कॉलेज परिसर में प्रारंभ होगा। कार्मिकों के आगमन की समस्या के मद्देनजर आरएसआरटीसी के मुख्य प्रबंधक को उदयपुर और सलूम्बर जिले की संबंधित सभी तहसील और पंचायत समिति मुख्यालयों पर कार्मिक प्रकोष्ठ से समन्वय कर कार्मिकों को सुबह 6.30 बजे तक एमएलएसयू परिसर तक पहुंचाने के लिए आवश्यकतानुसार रोडवेज बसों की सशुल्क व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार 26 अप्रैल को मतदान के पश्चात कार्मिकों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए एमएलएसयू परिसर में प्रत्येक तहसील व पंचायत समिति मुख्यालय के लिए पर्याप्त वाहन व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया है।

### मतदान दिवस 26 को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने मतदान दिवस 26 अप्रैल, 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुलराज मीणा ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 22 मार्च 2024 को जारी आदेश की अनुपालना में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 22 मार्च 2024 को जारी आदेशों की अनुपालना में 26 अप्रैल को मनरेगा श्रमिकों को भी सवैतनिक अवकाश देय होगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के किसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है, राजस्थान राज्य के ही अन्य लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत है तथा ऐसे कार्मिक जो अन्य राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है। ऐसे कार्मिक को मतदान के लिए आवेदन करने पर मतदान तिथि को सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने के लिए विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड एवं निगमों आदि के विभागाध्यक्ष भी प्राधिकृत होंगे।

# वायरल फीवर से राहत पाने के घरेलू उपचार



**मौसम के बदलने के समय वायरल फीवर होता है। जब भी मौसम बदलता है तब तापमान के उतार-चढ़ाव के कारण शरीर का इम्यून सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। इस फीवर से बचने और निजात पाने के लिए दवाईयों के अलावा कई घरेलू उपाय हैं, जिससे जल्द राहत मिल जाती है।**

## सूखे अदरक का मिश्रण

अदरक के अनगिनत स्वास्थ्य संबंधी गुण होते हैं। इसका एन्टी- इन्फ्लैमटोरी और एन्टी-ऑक्सिडेंट गुण बुखार के लक्षणों से राहत दिलाने में सहायता करते हैं। सूखा अदरक, एक छोटा चम्मच हल्दी और एक छोटा चम्मच काली मिर्च का पावडर और थोड़ा-सा चीनी एक कप पानी में डालकर तब तक उबालें जब तक कि सुखकर आधा न हो जाये। दिन में चार बार इस काढ़े को पीने से बुखार से राहत मिलता है।

**तुलसी-** तुलसी का एन्टी बायोटीक और एन्टी बैक्टिरीअल गुण वायरल फीवर के लक्षणों से राहत दिलाने में बहुत मदद करते हैं। बीस ताजा तुलसी के पत्तों को एक लीटर पानी में एक चम्मच लौंग पावडर डालकर तब तक उबालें जब तक कि वह सुख कर आधा न हो जाये। उसके बाद उसको छानकर हल्का ठंडा करके दो घंटा के अंतराल में पीयें।



**मेथी का जल-** मेथी में बहुत सारे औषधिय गुण होते हैं जो वायरल फीवर के कष्टों से राहत दिलाने में सहायता करते हैं। एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच मेथी के दाने रात भर भिगोकर रखें। अगले दिन सुबह इसको छानकर निश्चित अंतराल में इसका सेवन करें। सुबह मेथी के दाने, नींबू का रस और शहद के मिश्रण का सेवन करने से भी कुछ हद तक बुखार से राहत मिलता है।



**धनिया चाय-** धनिया में फाइटोनूट्रीअन्ट और विटामिन होता है जो प्रतिरक्षी तंत्र को उन्नत करने में बहुत सहायता करता है। धनिया प्राकृतिक तरीके से वायरल फीवर से लड़ने में मदद करता है। एक गिलास पानी में एक बड़ा चम्मच धनिया के दाने डालें और उसको थोड़ा उबाल लें। उसके बाद कप में छानकर स्वाद के अनुसार थोड़ा-सा दूध और चीनी डालकर पीने से बुखार से राहत मिलता है।

**सोआ का काढ़ा-** यह शरीर के प्रतिरक्षी तंत्र को तो उन्नत करता ही है साथ ही बुखार को कम करने में भी सहायता करता है। फल्वेनॉयड और मोनोटर्पीन के गुण होने के कारण यह फीवर से राहत दिलाने में मदद कर पाता है। एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच सोआ के दाने, एक छोटा चम्मच काली मिर्च और एक छोटा चम्मच कलौंजी डालकर दस मिनट तक उबालें। उबालने के बाद एक कप में छान लें और उसमें एक चुटकी दालचीनी का पावडर डालकर अच्छी तरह से मिला लें। काढ़ा को पीने से बुखार से राहत मिलेगी।

**राइस स्टार्च-** उपचार का यह तरीका बहुत पुराना है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थ को निकालने में बहुत मदद करता है। जिससे प्रतिरक्षी तंत्र को वायरस से लड़ने में शक्ति मिलती है। राइस स्टार्च पौष्टिकता से भरपूर होता है इसलिए इसके सेवन से रोगी को शक्ति मिलती है।

# फिटनेस या वेट लॉस



सेहत और लुक्स दोनों को लेकर दुनिया में जागरूकता दिन ब दिन बढ़ रही है। ऐसे में वजन बढ़ने की समस्या को लेकर चिंतित होना लाजिमी है। वजन के चलते आप एक दिन भी अपनी मॉर्निंग वॉक या जिम क्लास को मिस नहीं करना चाहते। लेकिन क्या सिर्फ वजन घटाना काफी है? बढ़ते हुए वजन को कम करने में जुटा हर इंसान रोज एक बात जरूर सोचता है कि कैसे एक्सट्रा वजन कम किया जाए। हो सकता है आपने वजन कम कर लिया हो और स्लिम बॉडी भी हासिल कर ली हो, लेकिन क्या आप चुस्त-तंदुरुस्त भी हैं? वजन घटाने के साथ-साथ फिटनेस होना भी बेहद जरूरी है। सिर्फ स्लिम होने का मतलब फिट होना नहीं होता। फिटनेस का मतलब है पूरी तरह से अच्छी सेहत और ये सिर्फ अच्छे खानपान और वर्जिश से ही हासिल की जा सकती है। ये जानना बेहद जरूरी है कि फिटनेस का मतलब वजन घटाना होता है, लेकिन सिर्फ वजन घटाने का मतलब फिट होना नहीं होता। अब अस्वस्थ तरीके से भी वजन घटा सकते हैं। फिटनेस के लिये अच्छा खाना, अच्छा आराम, अच्छी एक्सरसाइज सबकुछ बेहद जरूरी है। वजन घटाने के चक्कर में अक्सर आपका पाचन तंत्र बिगड़ जाता है। डाइट में हुए परिवर्तन से बिगड़े पाचन तंत्र को एक्सरसाइज के जरिये ठीक किया जा सकता है। इसके लिये ठीक से सांस लेना, चलना और दूसरी शारीरिक गतिविधियों की मदद भी ली जा सकती है। फिटनेस आपकी स्किन को भी हेल्दी बनाती है। जबकि सिर्फ वजन घटाने से आपका श्वसन तंत्र प्रभावित हो सकता है। फिट रहने से आपका हृदय में स्मूद ब्लड और ऑक्सीजन सर्कुलेशन, स्वस्थ फेफड़े, कॉर्डियोवेस्कुलर सिस्टम भी सुधरता है। शारीरिक फिटनेस का मतलब सिर्फ शरीर की मजबूती नहीं बल्कि मानसिक मजबूती से भी है। सभी शारीरिक गतिविधियां आपको मानसिक तौर पर भी मजबूत बनाती है। वजन घटाने की जल्दी आपको मानसिक दबाव का शिकार बना सकती है। एक्सरसाइज करने से आपके मसल्स में सुधार होगा और आपकी पूरी पर्सनैलिटी निखरेगी।

तो खुश रहने के लिये अब सिर्फ वजन मत घटाइये बल्कि फिटनेस पर ध्यान दीजिये।

# बच्चों के खाने को इंट्रेस्टिंग बनाना है जरूरी

**हेल्दी फूड का नाम सुनकर बच्चे अकसर मुंह बनाकर पीछे हट जाते हैं। उन्हें खाना खिलाना मां के लिए एक बड़ी चुनौती की तरह होता है। हेल्दी खाना वह खाते नहीं और जंक फूड उनकी सेहत के लिए ठीक नहीं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए खाने को एक इंट्रेस्टिंग स्टाइल में बच्चों के सामने पेश करें। कुछ खास बातों को जान लें और बच्चों को खिलाएं उनके हेल्थ के लिए जरूरी खाना।**



### कार्टून कैरेक्टर्स का उदाहरण दें

अगर बच्चे कार्टून पसंद करते हैं तो उनके फेवरेट कैरेक्टर के बारे में खाते वक्त जान के बताएं कि वह कार्टून कैरेक्टर भी यही खाना खाता है। बच्चे अगर खाने से दूर भागते हैं तो वक्त-वक्त पर उन्हें खाने और कार्टून कैरेक्टर के जुड़ाव के बारेमें बताते रहें।











संजीवनी टुडे

## रंगों का रखें ख्याल

बच्चों को रंग बहुत पसंद होते हैं, खासतौर से ब्राइट शेड्स। इसलिए कोशिश करें कि उन्हें रंगों सेभरा खाना दें। यानी खानेमें वह फल-सब्जी दें जिनका रंग ब्राइट हो। जैसे ऑरेंज, टमाटर, कैपसिकम, गाजर आदि। इस तरह के रंगों की सब्जी और फल उनकी प्लेट पर सजाएं। अगर खाने की प्लेट रंगीन दिखेगी, वह जरूर चखेंगे। ऐसे ही टिफिन भी हमेशा अलग- अलग रंगों की सब्जी से सजा होना जरूरी है।

**Other tricks:** डिफरेंट शेप में परोसें, नाम बदल दें, फूड सिलेक्शन में रखें साथ, कार्टून कैरेक्टर्स का उदाहरण दें।

## डिफरेंट शेप में परोसें

बच्चों के खाने को हमेशा डिफरेंट शेप में परोसना चाहिए। क्योंकि वे शक्ल देखकर खाना खाते हैं। इसलिए अपने पास वेजिटबल और फरूट कटर जरूर रखें। इस कटर से आप खाने को डिफरेंट शेप आसानी से दे सकती हैं। जैसे रोटी को त्रिकोण बना दिया और ब्रेड स्लाइस को स्टार। ऐसे ही ग्रेवी वाली सब्जियों को प्लेट में डालते वक्त उनसे कोई शेप बना लें, जैसे सूर्य, चांद आदि। इस तरह की प्रेजेंटेशन देकखर बच्चे आसानी से खाना खा सकते हैं।

## नाम बदल दें

बच्चों के सामने सब्जियों के नाम अलग लें। जैसेमटर को ग्रीन मार्बल्स कहें, ब्रॉकली को बेबी ट्री। ऐसा करने से बच्चों के दिमाग में उन सब्जियों की अच्छी छवि बनेगी। जिससे उन सब्जियों को खिलाना आसान हो जाएगा। उनसे बात करते वक्त आप खुद से कुछ अलग नाम फल-सब्जी को दे सकती हैं।

## फूड सिलेक्शन में रखें साथ

कभी खाना पकाते वक्त तो कभी फल-सब्जी खरीदते वक्त उन्हें साथ रखें। बच्चों को इन सभी चीजों में बड़ी दिलचस्पी होती है, तो उनकी इस दिलचस्पी को आप इस्तेमाल करें। बच्चे अपने सामने कुछ होते देखते हैं तो उसका हिस्सा जरूर बनना चाहते हैं। उनके सामने खाना खेल के तरीके से बनाएंगी तो वह खाना जरूर चखेंगे।

# सूर्यास्त के आसपास भोजन करने के हैं फायदे

**सेहत के दृष्टिकोण से रात का भोजन जल्दी कर लेने के कई फायदे हैं। हालांकि, आजकल की व्यस्त जिंदगी में लोग रात का भोजन देर से करते हैं, जिसका सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ता है। आहार विशेषज्ञों के अनुसार, रात का खाना जल्दी खाना चाहिए या सोने के दो घंटे पूर्व खाएं। हमेशा हल्का व सात्विक भोजन लेना चाहिए। कोशिश यह करनी चाहिए कि सूर्यास्त के आसपास हमें रात का भोजन ग्रहण कर लेना चाहिए। बताया जाता है कि सूर्यास्त के साथ शरीर की फैट जलाने की शक्ति गायब हो जाती है। इसलिए अक्सर बड़े बुजुर्ग भी कहते हैं कि सुबह का नाश्ता जमकर, दोपहर का भोजन उससे कम व रात का भोजन बिलकुल कम लें। आयुर्वेद के अनुसार, प्रकृति और सूर्य की रोशनी से हमारे भोजन चक्र का गहरा संबंध है। यदि रात का भोजन जल्दी ग्रहण कर लिया जाए तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है।**



## मोटापे से बचाव

डिनर (रात का भोजन) अक्सर दिनभर का अंतिम भोजन होता है। दिन ढलते ही शरीर की प्रक्रिया और मेटाबोलिज्म धीमा हो जाता है। यदि आप देर से खाते हैं, तो वह भोजन ऊर्जा में पूरी तरह तब्दील नहीं होता है। देर से किया भोजन फैट को बढ़ाता है, जिससे वजन बढ़ने लगता है।

## गैस्ट्रोइन्टेस्टाइनल समस्या में कमी

जो व्यक्ति देर से भोजन करते हैं, उनमें पाचनतंत्र की समस्या जैसे एसिडिटी, छाती में जलन आदि उत्पन्न होते हैं। जब आप देर से सोने जाते हैं तो पेट का अम्ल बढ़ता है और यह समस्या को बढ़ाता है। जल्दी भोजन कर लेने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

## बेहतर नींद

देर से भोजन के चलते खराब पाचन की क्रिया होती है, जिसका सीधा असर नींद पर पड़ता है।


## शरीर के तंत्र में नवऊर्जा

रात का भोजन समय पर कर लेने से ब्रेन और दूसरे अंगों को फिर से स्फूर्तिदायक होने में मदद मिलती है। शरीर का सूर्योदय और सूर्यास्त से सीधा संबंध होता है। जब आप अपने शरीर को इसके अनुकूल काम करने देते हैं

# नसों की कमजोरी से दिल के रोगों का खतरा



नसों की कमजोरी (इरेक्टाइल डिस्फंक्शन) दुनिया के 10 करोड़ से ज्यादा पुरुषों में पाई जाती है। इनमें से 50 प्रतिशत की उम्र 40 से 70 साल के बीच है। इस रोग से सबसे ज्यादा पीड़ित विकासशील देशों में से होने का अनुमान है। इस रोग के कारण हैं- बढ़ता तनाव, अस्वस्थ जीवनशैली और दिल के रोग। यहां के एडवांस फर्टीलिटी एंड गायनिकोलॉजिकल सेंटर की डायरेक्टर व आईवीएफ एंड इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. काबेरी बनर्जी ने बताया कि इरेक्टाइल डिस्फंक्शन और दिल के रोगों में अंतर-संबंध पाया गया है। दोनों एक साथ हो सकते हैं और दोनों के ही अपने-अपने खतरे हैं। दोनों के ही पैथोलॉजिकल आधार एक जैसे हैं, क्योंकि दोनों मामलों में तंतुओं की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह जानना बेहद अहम है कि जब नसों की कमजोरी 60 साल से कम उम्र के पुरुषों में होती है तो यह भविष्य में होने वाले दिल के रोगों के बढ़े हुए खतरे का संकेत भी होती है, जबकि इससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए यह समस्या किसी बड़े खतरे के संकेत वाली नहीं होती। डॉ. काबेरी का कहना है कि दिल के रोग जैसे कि रक्त धमनियों का सख्त होना, हाइपरटेंशन और हाई कॉलेस्टरॉल जैसे 70 प्रतिशत शारीरिक कारण नसों की कमजोरी की वजह हो सकते हैं। इन समस्याओं की वजह से दिल, दिमाग और लिंग की ओर रक्त के बहाव में बाधा पैदा हो जाती है। 60 साल की उम्र से ज्यादा के पुरुषों में नसों की कमजोरी की 50 से 60 प्रतिशत वजह केवल रक्त धमनियों का सख्त होना होता है। उन्होंने कहा कि कई शोधों में यह बात सामने आई है कि नसों की कमजोरी रक्त धमनियों की बीमारी का संकेत होती है, जिससे दिल के प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के मामले और मृत्यु होने की संभावना बढ़ जाती है। हम नसों की कमजोरी वाले मरीज की कलर डोपलर अल्ट्रासाउंड के साथ लिंग की ओर रक्त बहाव की जांच करते हैं, जिन्हें दिल के रोगों का खतरा होता है। डॉ. काबेरी ने कहा कि इस बारे में भी जानकारी होनी चाहिए कि ऐसी हालत में यौन संबंध बनाने के दौरान या तुरंत बाद दिल का दौरा पड़ने की हल्की सी आशंका हो सकती है। दिल के रोग से पीड़ित मरीज के यौन संबंध बनाने के दौरान मायोकार्डियल एस्केमिया के खतरे की जांच के लिए एक्सरसाइज टेस्ट की सलाह दी जाती है। लोगों को नसों की कमजोरी और उससे होने वाले दिल के रोग से बचने के लिए जीवनशैली में आवश्यक बदलाव करने की भी सलाह दी जाती है। मैसाचुसेट्स मेल एजिंग स्टडी के अनुसार, दिल के रोग से पीड़ितों में नसों की कमजोरी की आशंका 39 प्रतिशत तक होती और तंबाकू का सेवन करने वालों में इसकी आशंका डेढ़ से दोगुना तक हो जाती है। इसलिए बांझपन के विशेषज्ञों के लिए यह बात जाननी अहम है कि दिल के रोग और पुरुषों में नसों की कमजोरी ऐसी आम बीमारी है जो एक साथ होती है और नसों की कमजोरी पुरुषों में दिल के रोगों का संकेत हो सकती है। बकौल डॉ. काबेरी, अन्य बीमारियां जिनका संबंध नसों की कमजोरी से होता है, उनमें डॉयबिटीज, किडनी की बीमारी, न्यूरोलॉजिकल बीमारी और प्रोस्टेट कैंसर शामिल हैं। डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी ऐसी बीमारी है, जिससे नसें और रक्त धमनियां क्षतिग्रस्त हो सकती हैं और पुरुष के यौन अंग में तनाव आने में रुकावट बन सकती है।




# 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का रजिस्ट्रेशन 26 से शुरू

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ी हैं। उनके लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। अब यह अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का ऐलान कर दिया है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसे देख प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं। आइए जानते हैं शो के रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होंगे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को आप सोनी टीवी पर देख सकते हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। चैनल ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'ऐसा मिला प्यार की लौट रहा है।

## लाइफ Style

# सोनाली



## 'द ब्रोकन न्यूज 2' का ट्रेलर जारी

सोनाली बेंद्रे की वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। यह सीरीज 10 जून, 2022 में जी5 पर रिलीज हुई थी। 'द ब्रोकन न्यूज' की सफलता को देखते हुए हाल ही में निर्माताओं ने सीरीज की दूसरी किस्त का ऐलान किया, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अब 'द ब्रोकन न्यूज' की दूसरी किस्त की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया है। जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर, इंद्रनील सेनगुप्ता, तारुक रैना, आकाश खुराना और किरण कुमार भी इसका हिस्सा हैं। विनय वाइकुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। समीर गोगेट इस सीरीज के निर्माता हैं। 'द ब्रोकन न्यूज' का प्रीमियर 3 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज की नई कहानी, सच भी बनेगा सनसनीखेज।' बता दें कि कैंसर की बीमारी ने सोनाली के साथ साथ उनके फैन्स को भी सदमे में डाल दिया। कैंसर का इलाज करने के लिए वे न्यूयॉर्क गईं, जहां कुछ महीनों तक उनका इलाज चला। इसके बाद उन्होंने कैंसर को मात दे दी। सोनाली ने साल 2002 में फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल के साथ शादी की। इसके बाद कुछ समय के लिए सिनेमा से दूर हो गईं। फिल्मों के अलावा फिलहाल टीवी शोज में बतौर जज सोनाली काफी एक्टिव थीं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने 19 साल की उम्र में ही अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत कर दी थी।

## हॉलीवुड मसाला




# 'मंकी मैन' को मिल रहा भरपूर प्यार

लॉस एंजिलस। सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मंकी मैन' के साथ ओस्कर-नॉमिनेटेड देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। यह एक एक्शन-पैक्ड रिवेंज टेल है, जो अब आखिरकार थिएटरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है, क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है, और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खींच रहा है।




# टाइटैनिक का हीरो 49 का, 29 की गर्लफ्रेंड संग हुआ स्पॉट...

लॉस एंजिलस। लियोनार्डो डिकैप्रियो और गीगी हदीद का रोमांस एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है, अफवाह है कि इस जोड़ी को एक बार फिर एक साथ देखा गया है। ऑस्कर विजेता एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो और सुपरमॉडल गीगी हदीद के बीच रोमांस काफी समय से हॉलीवुड खबरों का फेवरेट सबजेक्ट रहा है। पिछले साल सितंबर में डेटिंग की अफवाहें फैलने के बाद, डिकैप्रियो और हदीद ने अपने ब्रेक-अप और पैच-अप की अटकलों से कई बार नेटिजन्स और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। अब एक बार फिर दोनों साथ में नजर आए। भले ही डिकैप्रियो 49 साल के हैं और हदीद 29 साल की हैं, लेकिन दोनों की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। उम्र का अंतर इस रोमांटिक कपल के सामने फीका लगता है।




# धोनी पर बनी रही एक और फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की और उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है। दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है।



# अक्षय साउथ में कदम रखने को तैयार

**मुंबई।** अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अक्षय की आने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन', 'वेलकम टू द जंगल', 'फिर हेरा फेरी 3' और 'शंकरा' शामिल हैं। अब अक्षय दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही फंतासी ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' की स्टार कास्ट में अक्षय शामिल हो गए हैं। 'कन्नप्पा' विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। विष्णु ने अक्षय का स्वागत करते हुए लिखा, 'यह यात्रा और अधिक रोमांचक हो गई है क्योंकि हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म सिनेमा में स्वागत कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल को मिला था अमर सिंह चमकीला का ऑफर

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया एपिसोड अब तक का सबसे मनोरंजक था और इसे देखने वाले दर्शकों ने खूब एंजॉय किया क्योंकि इसमें दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली अपनी नई फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रमोशन करते नजर आए थे। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की और लोगों को हंसाया। कपिल शर्मा ने हाल ही में शो की शूटिंग के पीछे का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि उसे जानकर लोग हैरान रह गए। क्लिप में कपिल शर्मा ने बताया कि उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए एआर रहमान का फोन आया था, लेकिन वो मिस कर गए और फिर जब उनके कॉल के सच का पता चला तो वो पूरी रात रोते रहे।

***कपिल को आया था एआर रहमान का फोन :*** कपिल शर्मा ने एआर रहमान की जिस कॉल के मिस होने का खुलासा किया, वो उनके एक्टिंग करियर के लिए कारगर साबित हो सकती थी क्योंकि वो देश के लोकप्रिय क्रमेडियन इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनें लेकिन तब कपिल शर्मा को लगा कि रहमान सिर्फ दोस्ताना व्यवहार कर रहे हैं।

***विदेश में रहने के कारण कॉल मिस की :*** पर्दे के पीछे की क्लिप में कपिल ने जिक्र किया कि उन्होंने फिल्म के म्यूजिकल एआर रहमान की कॉल मिस कर दी, क्योंकि वो विदेश में थे। कपिल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'मैं एक दिन रहमान सर से मिला और उन्होंने कहा, 'मैंने तुम्हें चमकीला के लिए बुलाया था। कपिल ने आगे बताया कि 'मुझे लगता है कि वो चाहते थे कि मैं कोई गाना या कुछ और गाऊं मुझे लगा कि वो मेरे साथ सिर्फ मीठी-मीठी बातें कर रहे थे।

***मौका खोकर रातभर रोए कपिल शर्मा :*** वहीं इम्तियाज ने कहा कि रहमान ने कपिल की सिंगिंग के बारे में बात की थी। कपिल ने कहा, 'उन्होंने मुझसे ये बात सीरियस अंदाज में कही। मैंने कहा, 'सर हम विदेश में थे और इसीलिए हम एक-दूसरे से बात नहीं कर सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण था।

### दमदार है अमर सिंह चमकीला की कहानी

बता दें कि फिल्म की समीक्षा में कहा गया, 'हीरो के रूप में दिलजीत ने शानदार अभिनय किया है। अमर सिंह चमकीला का किरदार उनके लिए ही बनाया गया है और वो इसमें अपना दिल लगा देते हैं। उनकी कड़ी मेहनत स्पष्ट है और फिर भी उनका प्रदर्शन सहज है। उन्हें चमकीला बनते और उनके गाने गाते हुए देखना आपके दिल को अनूठे आनंद से भर देगा। यहां तक कि कुछ भारी-भरकम सीन्स में भी, वो एक दुर्लभ संयम सामने लाते हैं और शिष्टता की एक पूरी नई परत प्रस्तुत करते हैं। निस्संदेह, यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और बीच में कहीं, आप उसे चमकीला के साथ एक होते हुए देखेंगे और बहुत जल्द, आप उन ताकतों को अलग नहीं कर पाएंगे जिन्होंने पंजाब के संगीत उद्योग को हमेशा के लिए बदल दिया।

# जूनियर एनटीआर ने पहनी बेहद महंगी घड़ी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जान-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में



एनटीआर को मुंबई में एक स्टूडियो के बाहर देखा गया था, जहां उनकी घड़ी ने सबका ध्यान खींच लिया। एनटीआर ने रिचर्ड मिल्ली की घड़ी पहनी हुई थी, जिसकी कीमत हर कोई जानना चाहता है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता की इस घड़ी की कीमत 7.5 करोड़ रुपये है। एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। सैफ अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म अब 10 अक्टबूर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

# माधुरी-विद्या 'भूल भुलैया 3' में लगाएंगी डांस का तड़का

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जहां कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं, वहीं अभिनेत्री विद्या बालन भी अपनी शानदार अदाकारी के चलते खूब वाहवाही लूटती हैं। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिल्म 'भूल भुलैया 3' के लिए साथ आ रही हैं। खास बात यह है कि निर्माताओं ने उन पर एक डांस नंबर फिल्माने का फैसला किया है।

***अमी जे तोमार नाम के गाने पर थिरकेंगी दोनों :*** रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म में एक स्पेशल डांस नंबर रखा है, जो इसके मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। इस गाने में माधुरी और विद्या पहली बार साथ पर्दे पर थिरकती नजर आएंगी। फिल्म का यह गाना बेहद खास होगा। निर्माता भूषण कुमार विद्या और माधुरी पर 'अमी जे तोमार' नाम का गाना फिल्माने जा रहे हैं। गाने की शूटिंग के लिए लोकेशन पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। इसकी शूटिंग अगले महीने हो सकती है।

***कार्तिक भी मचाएंगे धमाल :*** रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह गाना बड़ा धमाकेदार रहने वाला है और इसके बोल कुछ ऐसे होंगे, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन भी इस गाने में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म का यह गाना सभी मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। यह गाना फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने के लिए रखा गया है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।

### 'भूल भुलैया' में 'मंजुलिका' बन विद्या ने जीता था दिल

विद्या 2007 में आई 'भूल भुलैया' की पहली किस्त का हिस्सा थीं, जिसमें वह अवनि और मंजुलिका के किरदार में दिखी थीं। इस फिल्म में अक्षय और शाइनी आहूजा भी शामिल थे। इसके बाद 2022 में फिल्म की दूसरी किस्त आई, जिसमें कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी और तब्बू भी नजर आई थीं। अब अनीस बजमी के निर्देशन में बन रही 'भूल भुलैया 3' आएगी, जिसके लिए कार्तिक और विद्या ने पहली बार हाथ मिलाया है।

***विद्या की 1 फिल्म कतार में, माधुरी के हाथ में नहीं कोई फिल्म :*** विद्या फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार अभिनेता प्रतीक गांधी और इलियाना डिक्रूज नजर आएंगी। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर सामने आया था, जिसमें खासतौर से विद्या की काफी तारीफ हुई थी। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। उधर माधुरी को आखिरी बार 2022 में फिल्म 'मजा मा' में देखा गया था।



## दादासाहेब फाल्के की है लंका दहन साइलेंट मूवी, एक ही शख्स ने निभाया राम-सिया का किरदार

# 107 साल पहले बनी थी भगवान राम पर पहली फिल्म

*नए दौर में नए विजुअल इफेक्ट्स और बड़े बड़े कलाकारों के साथ फिल्मी पर्दे पर आई फिल्म आदिपुरुष कोई कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन आज से 107 साल पहले जब भगवान राम की कहानी फिल्मी पर्दे पर आई थी तो थियेटर में दर्शकों की लाइन लग गई थी। बता दें कि उस रामायण में न आवाज थी न कोई भारी भरकम एक्ट्रेस।*

### थियेटर्स में मंदिर जैसा माहौल, दर्शक जूते-चप्पल उतारकर जाते थे भीतर

**नई दिल्ली।** दिलचस्प बात तो ये है कि राम और सिया का रोल प्ले करने के लिए एक ही शख्स को चुना गया। वही फिल्म का राम था और वही सीता भी। उसके बावजूद थियेटर्स में पूरी तरह मंदिर जैसा माहौल रहता था। दर्शक भीतर जाने से पहले जूते और चप्पल निकालकर जाया करते थे। इस रामायण को दादा साहब फाल्के ने लंका दहन के नाम से बनाया था।

### फिल्मों के लिए नहीं मिलती थी हीरोइन

इस फिल्म की खास बात ये थे कि फिल्म के लिए दादा साहब फाल्के को हीरोइन नहीं मिला करती थीं। साल 1913 में दादा साहब ने हरिश्चंद्र फिल्म बनाई। इस फिल्म में भी हीरोइन का रोल अदा किया अन्ना सालुंके नाम के शख्स ने। उनके पतले हाथ और दुबला पतला



डील डौल महिला का किरदार निभाने के लिए बिलकुल उपयुक्त था। इसलिए जब 1917 में दादा साहब ने लंका दहन बनाना शुरु की तो अन्ना सालुंके को ही सीता का रोल दिया। चुनौती थी पुरुष का किरदार अदा करने की लेकिन अन्ना सालुंके ने अपने हाव भाव और बॉडी लेंग्वेज पर इतना काम किया कि वो राम के किरदार में भी फिट बैठे और उन्होंने ही राम का किरदार भी निभाया।

### डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बने

राम और सीता दोनों का रोल कर अन्ना सालुंके तो हिंदी सिनेमा के डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बन गए। सबसे बड़ी बात ये थी कि लोगों ने भी उन्हें दोनों रोल में अपनाया। राम सीता की रामायण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग थियेटर तक पहुंचे। नई टेक्निक से डबल या तीन रोल करना आज के कलाकारों के लिए भले ही आसान हो गया है लेकिन सोचिए कि आज से 107 साल पहले डबल रोल वाली फिल्म को बनाने में कितनी न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा।

### बिना आवाज के जगाया भक्तिभाव

बता दें कि इस फिल्म की छवि कुछ ऐसी बनी कि लोग कलाकारों को भगवान का ही दर्जा देने लगे। उस जमाने में यह फिल्म जिस थियेटर में लगी थी वहां भक्तिभाव का आलम ये था कि लोग जूते-चप्पल उतार कर ही सिनेमा हॉल के भीतर जाते थे। हालांकि फिल्म में कोई आवाज नहीं थी। उसके बाद भी भगवान के प्रति भक्ति का संदेश लोगों तक साफ साफ पहुंचा।

# विदेशी गेमिंग कंपनियों से 2.5 अरब डॉलर का जीएसटी नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गेमिंग उद्योग निकाय ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने कहा कि विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से जुड़ी इकाइयां सरकारी खजाने को प्रति वर्ष 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचा रही हैं। संगठन ने सरकार से ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। एआईजीएफ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोलैंड लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाएं अवैध सट्टेबाजी और जुए से विभिन्न खेलों को जोड़ती हैं, जिससे उपयोगकर्ता वैध तथा अवैध गेमिंग के बीच अंतर नहीं कर पाते।

- ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने तत्काल कार्रवाई की मांग की

### एसआरओ के लिए आवेदन

उद्योग से जुड़ी कुछ कंपनियों ने एसआरओ की स्थापना के लिए आवेदन किया था। लैंडर्स ने कहा कि एआईजीएफ को कंपनियों द्वारा दिए आवेदन पर कोई अद्यतन जानकारी नहीं मिली है।

## एआईजीएफ ने कहा, सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहो

### अवैध तथा वैध गेम के बीच भ्रम

लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी इकाइयां अक्सर उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं और उपयोगकर्ता अवैध तथा वैध गेम के बीच भ्रमित हो जाते हैं। अवैध विदेशी सट्टेबाजी और जुआ मंच के खतरे पर कठोरता से अंकुश लगाया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि अवैध मंचों के खतरे को रोकने में मदद के लिए सरकार को स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) जैसे मॉडल में तेजी लानी चाहिए।




### आईपीएल में जीएसटी व टीडीएस नहीं कटने का विज्ञापन

लैंडर्स ने कहा कि विदेशी संस्थाओं ने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान विज्ञापनों में वृद्धि की है। उनमें से कुछ इतनी हिम्मत दिखा रहे हैं कि उनके मंच पर कोई जीएसटी या टीडीएस नहीं लगने का बेबाकी से प्रचार कर रहे हैं।

### विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं

लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी संस्थाओं का भारत में कोई अधिकारी नहीं है। एसआरओ जैसी संस्था द्वारा जांच से वैध और अवैध मंचों के बीच अंतर करने में मदद मिल सकती है।' सरकार ने एसआरओ लाने का प्रस्ताव रखा था लेकिन 90 दिन की निर्धारित समय सीमा के भीतर ऐसा नहीं किया जा सका।

### एक साल में 12 अरब डॉलर एकत्र कर रहे

सीईओ ने कहा कि अवैध विदेशी इकाइयां उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे भारत में वैध उद्योग को भी नुकसान पहुंच सकता है। लैंडर्स ने कहा, 'विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुआ मंच एक साल में 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि एकत्र कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि सरकार को जीएसटी राजस्व में कम से कम 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है।'

---

## खबर संक्षेप

### अशोक लेलैंड का वित्त के लिए साउथ इंडियन बैंक से करार




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड लिमिटेड ने डीलरों के वित्तपोषण के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ साझेदारी की है। अशोक लेलैंड ने एक बयान में कहा, कंपनी ने बैंक के डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

### मुथूट फाइनेंस की ईसीबी योजना को मिली मंजूरी




**नई दिल्ली।** स्वर्ण आभूषणों पर कर्ज मुहैया कराने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस के निदेशक मंडल ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिए दो अरब डॉलर जुटाने की योजना को मंजूरी दी है। बैठक में मौजूदा ग्लोबल मीडियम टर्म नोट (जीएमटीएन) कार्यक्रम को बढ़ाकर दो अरब डॉलर मूल्य तक ले जाने की मंजूरी दी गई।

### एमजी मोटर का ईवी चार्जिंग के लिए एप्सिलॉन से करार



**नई दिल्ली।** एमजी मोटर इंडिया ने ईवी चार्जिंग समाधान व बैटरी पुनर्चक्रण के लिए एप्सिलॉन समूह के साथ साझेदारी की है। साझेदारी के तहत मोटर वाहन विनिर्माता ने एप्सिलॉन समूह की दो अनुषंगी कंपनियों (चार्जिंग समाधान के लिए) पावर ईवी और (बैटरी पुनर्चक्रण के लिए) एलआईसीओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### एचडीएफसी लाइफ का लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। 2023-24 की कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी।

### जेएनके इंडिया ने आईपीओ का दायरा किया तय



**नई दिल्ली।** हीटिंग उपकरण बनाने वाली कंपनी जेएनके इंडिया लिमिटेड ने अपने 650 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 395-415 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी के अनुसार, आईपीओ 23 से 25 अप्रैल तक खुलेगा। बड़े (एंकर) निवेशक एक दिन पहले 22 अप्रैल को बोली लगा पाएंगे।

### इंस्टामार्ट को ऑनलाइन खुदरा मंच से जोड़ेगी स्विगी

**नई दिल्ली।** विभिन्न होटलों से खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाले ऑनलाइन मंच स्विगी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह स्विगी मॉल को सामान की त्वरित आपूर्ति करने वाले इंस्टामार्ट के साथ जोड़ेगा। ग्राहकों को किराने का सामान के अलावा व्यापक विकल्प देने के लिए यह पहल की गयी है। स्विगी मॉल फिलहाल बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में संचालित है। स्विगी ने इसके साथ ऑनलाइन खुदरा खंड में प्रवेश किया था। जिससे स्विगी मॉल आने वाले महीनों में बड़ा हो जाएगा।

---

## पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 6128 करोड़ रहा था

# इन्फोसिस का मुनाफा चौथी तिमाही में 30 प्रतिशत बढ़कर 7,969 करोड़ रुपए

- कंपनी का परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना
- इंफोसिस के पास 52 प्रतिशत सौदे शुद्ध रूप से नए थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत लाभ 30 प्रतिशत उछलकर 7,969 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही के नतीजों की जानकारी दी।

पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 6,128 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी का एकीकृत राजस्व 1.3 प्रतिशत बढ़कर 37,923 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 37,441 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही इन्फोसिस ने कहा कि स्थिर विनिमय दर के आधार पर उसे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में 1-3 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है।

### परिचालन मार्जिन में बढ़ोतरी

वहीं परिचालन मार्जिन 20 से 22 प्रतिशत रहने की संभावना है। कंपनी ने बीती तिमाही में 20.1 प्रतिशत का परिचालन मार्जिन दर्ज किया जबकि समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 20.7 प्रतिशत रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 8.9 प्रतिशत बढ़कर 26,233 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 24,095 करोड़ रुपये था।

## कंपनी शेयरधारकों को प्रतिशेयर 28 रुपए का लाभांश देगी

### जेनरेटिव एआई में बढ़ी दक्षता

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा, 'अब तक का सर्वाधिक सौदा मूल्य हासिल करना हमारे प्रति ग्राहकों के मजबूत भरोसे को दर्शाता है। जेनरेटिव एआई में हमारी दक्षता बढ़नी जारी है। हम ग्राहक कार्यक्रम पर काम कर रहे हैं और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, प्रक्रिया अनुकूलन और ग्राहक समर्थन पर प्रभाव डालने वाले बड़े भाषायी मॉडलों का लाभ उठा रहे हैं।'




### परिचालन आय 4.7 फीसदी बढ़ी

वहीं कंपनी की समूचे वित्त वर्ष में परिचालन आय 4.7 प्रतिशत बढ़कर 1,53,670 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022-23 में 1,46,767 करोड़ रुपये थी। इन्फोसिस ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में बड़े सौदों का कुल अनुबंध मूल्य अब तक के उच्चतम स्तर 17.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इनमें से 52 प्रतिशत सौदे शुद्ध रूप से नए थे।

### पांच वर्षों के लिए पूंजी आवंटन को स्वीकृति

इस बीच इन्फोसिस के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शेयरधारकों को प्रति शेयर 20 रुपये का अंतिम लाभांश देने और आठ रुपये प्रति शेयर का विशेष लाभांश देने की सिफारिश की है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 से लेकर 2028-29 तक के पांच वर्षों के लिए पूंजी आवंटन नीति को भी स्वीकृति दी।

### जर्मन कंपनी इन-टेक का किया अधिग्रहण

इस दौरान रणनीतिक एवं परिचालन संबंधी नकदी जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इसके साथ ही इन्फोसिस ने 45 करोड़ यूरो (करीब 4,000 करोड़ रुपये) में जर्मनी की कंपनी इन-टेक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की भी घोषणा की है।

### ये समाधान मुहैया कराती है कंपनी

पूरी तरह से नकद में होने वाला यह सौदा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पूरा हो जाने की उम्मीद है। इन-टेक इलेक्ट्रिक परिवहन, स्वचालित ड्राइविंग और इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधित तकनीकी समाधान मुहैया कराती है।

---

## भारी उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। विश्लेषकों ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार पूंजी निकासी की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया।



- सेंसेक्स 455 अंक, निफ्टी 152 अंक टूटा
- कारोबार के दूसरे हिस्से में रही मुनाफावसूली

### नेस्ले के शेयर टूटे

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए।

***इनमें रही घट-बढ़ :*** *इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए।*

---

## निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक पर वायदा अनुबंध 24 अप्रैल से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह 24 अप्रैल से 'निफ्टी नेक्स्ट 50' सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प अनुबंधों की शुरुआत करेगा। निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक एनएसई पर सूचीबद्ध शीर्ष 50 कंपनियों के सूचकांक 'निफ्टी 50' से आगे की 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

इन दोनों सूचकांकों को मिलाकर निफ्टी की शीर्ष 100 कंपनियों का वर्गीकरण होता है। एनएसई ने एक बयान में कहा कि उसे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से 'निफ्टी नेक्स्ट 50' सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प अनुबंध के लिए मंजूरी मिल गई है और 24 अप्रैल से इन अनुबंधों की पेशकश की जाएगी। इसके तहत एनएसई तीन क्रमिक मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्रों की पेशकश करेगा। नकद निपटान वाले वायदा एवं विकल्प अनुबंध सौदों की समाप्ति महीने के अंतिम शुक्रवार को होगी।




- सूचकांक निफ्टी 50 से आगे की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है
- दोनों सूचकांकों को मिलाकर निफ्टी की शीर्ष 100 कंपनियों का वर्गीकरण

### सूचकांक डेरिविटिव उत्पाद समूह का पूरक

एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा, 'निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक पर वायदा एवं विकल्प अनुबंध की शुरूआत मौजूदा सूचकांक डेरिवेटिव उत्पाद समूह का पूरक होगी।' मार्च 2024 तक, सूचकांक में 23.76 प्रतिशत भारांश के साथ वित्तीय सेवा क्षेत्र का शीर्ष प्रतिनिधित्व था। इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत उत्पाद क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का प्रतिनिधित्व था।

---

## सोना 250 रुपए टूटा, चांदी अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में आई गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 250 रुपये टूटकर 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की गिरावट को दर्शाता है।' हालांकि, चांदी की कीमत 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। 'रामनवमी' के मौके पर बुधवार को सराफा बाजार बंद था। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,375 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 13 डॉलर कम है।

---

## निसान ने डोर हैंडल सेंसर ठीक करने मैग्नाइट वापस मंगाये

- ग्राहक अधिकृत निसान सर्विस सेंटर में सेंसर को नि :शुल्क सही कराया जा सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन कंपनी निसान मोटर इंडिया नवंबर 2020 और दिसंबर 2023 के बीच बनी मैग्नाइट गाड़ियों को वापस मंगा रही है। 'फ्रंट डोर हैंडल सेंसर' में गड़बड़ी को ठीक करने के लिए कंपनी ने यह कदम उठाया है। हालांकि, कंपनी ने यह जानकारी नहीं दी कि कितनी इकाइयों में गड़बड़ी पाई गई हैं। मोटर वाहन विनिर्माता ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी। बेस एक्सई और मिड एक्सएल संस्करणों के लिए यह पहल की गयी है। इस गड़बड़ी से ग्राहकों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ता है। दिसंबर 2023 के बाद बनाई गई सभी निसान मैग्नाइट इकाइयां एकदम सही हैं। कंपनी प्रभावित वाहनों के मालिकों को सूचित करना शुरू करेगी और उन्हें आश्वासन देगी कि वे अपने वाहनों का इस्तेमाल बिना किसी रुकावट के कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार, ग्राहक अपने निकटतम अधिकृत निसान सर्विस सेंटर में जा सकते हैं, जहां सेंसर को निःशुल्क सही कराया जा सकता है।



---

## हिंदुस्तान जिंक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी...



**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी बन गई है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार, राजस्थान स्थित उसकी सिंदेसर खुर्द खान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक खान बन गई है। पिछले साल यह चौथे स्थान पर थी। हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेबर ने कहा कि चांदी वैश्विक ऊर्जा संप्रेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हिंदुस्तान जिंक के उत्पादन में सालाना पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका श्रेय अयस्क उत्पादन में वृद्धि और उन्नत ग्रेड को जाता है, जिससे वैश्विक चांदी बाजार में एक प्रमुख कंपनी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। जस्ता, सीसा और चांदी के कारोबार में वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक और अब तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। कंपनी के पास भारत में बढ़ते जस्ता बाजार में 75 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इसका मुख्यालय उदयपुर में है। इसकी जस्ता, सीसा खदानें और गलाने के परिसर पूरे राजस्थान में फैले हुए हैं।

---

## एचएमएसआई की नई इंजन असेम्बली लाइन हुई शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- मानेसर संयंत्र के नई लाइन की 600 इंजन प्रतिदिन की क्षमता

दोपहिया वाहन विनिर्माता होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने गुरुग्राम के मानेसर स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में नई इंजन असेम्बली लाइन शुरू की है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मानेसर में स्थित उसके वैश्विक संसाधन संयंत्र में लगी नई असेंबली लाइन की क्षमता प्रतिदिन 600 इंजन के विनिर्माण की है। इस असेंबली लाइन के जरिये कंपनी 'कम्प्लीटली नॉक्ड डाउन' (सीकेडी) निर्यात पर नजरें टिकाए हुए है। सीकेडी निर्यात के तहत उत्पाद की आपूर्ति अलग-अलग कलपुर्जों के रूप में की जाती है और उन्हें गंतव्य स्थल पर असेम्बल किया जाता है। यह असेंबली लाइन दुनिया भर में ग्राहकों की विविध जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए 110 सीसी से 300 सीसी तक के इंजन मॉडलों का उत्पादन करने के लिए सुसज्जित है। वर्तमान में एचएमएसआई यूरोप, मध्य और लातिन अमेरिका, पश्चिम एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षेस देशों में फैले 58 बाजारों को निर्यात करती है।

**निर्यात क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी**
कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुत्सुमू ओटानी ने कहा कि इस असेंबली लाइन के शुरू होने से कंपनी को अपनी निर्यात क्षमता बढ़ाने और बाजार प्रसार में मदद मिलेगी।

### अल्टम क्रेडो ने जी3 पार्टनर्स से चार करोड़ डॉलर जुटाए

**मुंबई।** अल्टम क्रेडो ने वित्त पोषण चक्र में जी3 पार्टनर्स तथा अन्य से चार करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 332 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। जी3 पार्टनर्स और निवेशक ओइकोक्रेडिट ने वित्त पोषण चक्र का नेतृत्व किया। कंपनी ने एक बयान में कहा गया कि 'सीरीज सी' चक्र में ताजा इक्विटी में 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 'सीरीज ए' में निवेशकों के लिए 1.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। पुणे मुख्यालय वाली कंपनी प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़ाने के लिए नई पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। मार्च 2024 तक कंपनी की एयूएम 830 करोड़ रुपये थी।

---

## लागत में कमी करने के लिए की जा रही छंटनी

# गूगल ने फिर चलाई छंटनी की तलवार, कंपनी मंदी से जूझ रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कुछ कर्मचारियों को भारत समेत इन देशों में भेजा जा रहा

बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियां इन दिनों संभावित मंदी से जूझ रही हैं। लागत में कमी करने के लिए ये कंपनियां कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार चला रही हैं। इस बीच गूगल से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। एक बार फिर अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

इन देशों में भेजे जाएंगे कर्मचारी छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। साफ है कि कंपनियां आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रही हैं।

### इन विभागों के कर्मचारियों पर चली तलवार

एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल के रियल एस्टेट और वित्त विभागों की कई टीमों के कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित वित्त टीमों में गूगल ट्रेजरी, बिजनेस सर्विसेज और रेवेन्यू कैश ऑपरेशन्स शामिल हैं। इतना ही नहीं, गूगल के वित्त प्रमुख रूथ पोराट ने अपने कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुनर्गठन में बेंगलुरु, मैक्सिको सिटी और डबलिन में विकास का विस्तार शामिल है।




### पहले ही किया था आगाह

ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है जब कंपनी ने कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। इससे पहले गूगल ने जनवरी में भी अपनी इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमों समेत कई टीमों के सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, क्योंकि कंपनी ने निवेश बढ़ाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पेशकश की थी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में कर्मचारियों से नौकरियों में कटौती किए जाने को लेकर पहले ही आगाह कर दिया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कसा तंज

# कांग्रेस का 'राहुलयान' न लॉन्च हो पाया न लैंड... पिछली बार अमेठी में हार के बाद उनमें वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने केरल की एक चुनाव रैली में कांग्रेस के राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि अमेठी में राहुल अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं।

एजेंसी ▶▶ पत्तनमथिट्टा/केरल

लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है और आज पहले चरण की वोटिंग होगी। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के साणंद में रोडशो निकाला। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल के कासारगोड, वडकारा, कन्नूर, पत्तनमथिट्टा, मावेलीक्करा, कोल्लम क्षेत्र में ताबड़तोड़ रैलियां की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने असम के गोलपारा और कोकराझार में जनसभा को संबोधित किया। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से सांसद राहुल गांधी ने केरल के कन्नूर में चुनावी सभा को संबोधित किया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। केरल के पत्तनमथिट्टा में भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया। उन्होंने कहा कि राहलु 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे, इसलिए उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। राजनाथ ने कहा कि राहुल गांधी अपनी हार के बाद यूपी से केरल पलायन कर गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है। राजनाथ ने कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्षों में भी 'लॉन्च' नहीं हो पाए।

एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति, उनकी अपनी मजबूरियां

कांग्रेस के युवा नेता 20 वर्षों में भी लॉन्च नहीं हो पाए

## राजनाथ सिंह ने केरल में की ताबड़तोड़ रैलियां



### पिता होने के नाते बेटे को दें आशीर्वाद

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं जानता हूं कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं और मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि अनिल आपका बेटा है। उन्होंने कहा कि भले ही एके एंटनी अपने बेटे को वोट न दें या उनके लिए वोट नहीं मांगे, लेकिन आप उनके पिता हैं और इस नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आपका आशीर्वाद उनके साथ हो। केरल में लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होंगे और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

**वामपंथी कुप्रबंधन के कारण केरल में हालात खराब**

सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और कांग्रेस नीत एलडीएफ की सरकारों के कारण केरल की हालत खराब है। उन्होंने लोगों से भाजपा को सशक्त बनाने का आग्रह किया। सिंह ने केरल की आर्थिक समस्याओं के मुद्दे पर भी एलडीएफ पर हमला किया और कहा कि ये वामपंथी प्रशासन के कुप्रबंधन के कारण पैदा हुई हैं, उच्चतम न्यायालय ने भी इस बात को माना है।

### शाह का साणंद में मेगा रोड शो



### नरेंद्र मोदी को फिर से बनाएं प्रधानमंत्री

अहमदाबाद। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के साणंद में रोडशो निकाला। इसी संसदीय क्षेत्र से वह लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन में खड़े अमित शाह ने एपीएमसी चौक से नालसरोवर चौक तक इस रोडशो के दौरान बड़ी संख्या में जुटे लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। शाह ने अहमदाबाद के साणंद के बाद, गांधीनगर जिले के कलोल शहर और अहमदाबाद के वेजालपुर क्षेत्र में रोडशो करने के बाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि मैं अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के भाइयों और बहनों से देश को हर क्षेत्र में नंबर वन और गांधीनगर को देश के सबसे विकसित लोकसभा क्षेत्रों में से एक बनाने हेतु फिर एक बार कमल खिलाने और मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान करता हूं।

### मोदी सरकार के कार्यकाल में ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सकाः नड्डा



कोकराझार (असम)। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर को 'अलग-थलग' रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के कारण ही पूर्वोत्तर मुख्यधारा में शामिल हो सका। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को अलग-थलग और अंधेरे में रखना थी। यह मोदी और हिमंत विश्व शर्मा की सरकारें हैं जिन्होंने आपको देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में काम किया। मोदी शासन के तहत विशेष रूप से बोडो उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों हुए।

### रवि किशन करवाएं डीएनए टेस्ट तभी खत्म होगा विवाद



सोमवार को अपर्णा ठाकुर नाम की एक महिला ने भोजपुरी स्टार और गोरखपुर से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के अपनी बेटी का पिता होने का दावा किया था। अपर्णा ठाकुर का कहना था कि उनकी 25 साल की बेटी शिनोवा, रवि किशन की बेटी है। शिनोवा ने कहा है कि इस विवाद को खत्म करने के लिए रवि किशन का पैटरनिटी टेस्ट करवाया जाए। बता दें, रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा और उनकी बेटी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

### 6 किलोमीटर पैदल चलकर आएंगे वोटर



सुकमा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट वोटिंग होगी। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्रों कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के सामसट्टी में मतदान चुनौतीपूर्ण होगा। क्योंकि, मतदान केंद्र तक आने के लिए मतदाताओं को 6 किमी पैदल चलकर आना होगा। यहां सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही वोटिंग होगी। यह घोर नक्सली इलाका है। यहां कुल मतदाता 614 है। इनमें 342 महिला और 272 पुरुष वोटर हैं।

### विपक्षी गठबंधन डरा-धमका रहाः भाजपा

भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों के नेता 'डराने-धमकाने' की राजनीति कर रहे हैं और निर्वाचन आयोग को विपक्षी नेताओं के हालिया बयानों का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता नजरुल इस्लाम ने पिछले दिनों "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 फुट नीचे दफनाने की खुलेआम धमकी दी थी।'

### महबूबा मुफ्ती ने नामांकन दाखिल किया



अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। पार्टी के कई नेताओं और सैकड़ों समर्थकों के साथ महबूबा अनंतनाग के उपायुक्त और निर्वाचन अधिकारी सैयद फखरुद्दीन के कार्यालय में अपना नामंकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं।



### सुनेत्रा पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया

बारामती। अजित पवार की पत्नी और बारामती सीट से एनसीपी की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के दौरान महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले मौजूद थे।




## भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है : राहुल

कन्नूर (केरल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, पुलिस, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियां संविधान और भारतीय नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक मानी जाती हैं। भाजपा इन संस्थानों पर कब्जा कर, ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम बहु भाषाओं, परंपराओं, अलग-अलग इतिहास और हमारे सभी लोगों के विचारों को स्वीकार करते हैं। लेकिन भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र, एक भाषा थोपना चाहती है। राहलु कन्नूर से चुनाव लड़ रहे केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरण और कासरगोड से उम्मीदवार राजमोहन उन्निथन के लिए प्रचार कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### बृजभूषण के खिलाफ आदेश स्थगित किया



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी।

### 'जय श्री राम' बोलने पर किया हमला



बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि यहां चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उसके सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं।

### परांठे पर टैक्स का मामला हाई कोर्ट पहुंचा



तिरुवंतपुरम। केरल हाई कोर्ट में लच्छा पराठा पर ज्यादा जीएसटी को लेकर एक याचिका हाई कोर्ट पहुंची। अदालत में इस मसले पर जोरदार बहस भी हुई। सुनवाई में अदालत ने पाया कि पराठे जिन सामग्रियों से तैयार हो रहे हैं, उन पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इस पर अदालत ने फैसला सुनाया कि ऐसे में पराठे पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना गलत है।

रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में पथराव को लेकर शुभेंदु अधिकारी की गवर्नर को चिट्ठी

# हमारा दफ्तर जलाने की हुई कोशिश एनआईए करे जांच, स्थितियां बेकाबू


भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषणों से रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। इसकी मांग एनआईए से करते हुए उन्होंने राज्यपाल को चिट्ठी लिखी है।

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर इलाके में रामनवमी के जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को रामनवमी पर हुई झड़प को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने मुर्शिदाबाद के रेजीनगर इलाके में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई झड़पों की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाया कि नंदीग्राम में भाजपा का दफ्तर जला दिया गया। बता दें, रामनवमी के दिन जुलूस पर छतों से पथराव किए जाने से करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है।

चुनाव आयोग सीएम ममता बेनर्जी पर करे कार्रवाई

शोभायात्रा पर बरसाए गए हैं पत्थर





### कानून व्यवस्था को नियंत्रित करें

अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल को रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूसों पर हुए हमलों के संबंध में जानकारी दी। उनसे कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने के साथ-साथ घटनाओं की जांच एनआईए जांच करने का आग्रह किया।

### पूर्वी मेदिनीपुर में हुई हिंसा

रामनवमी के अवसर पर केवल मुर्शिदाबाद ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में भी हिंसक झड़प देखने को मिली थी। यहां पर हुई हिंसा में तकरीबन 4 लोग घायल हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए गए।

### रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सीएम ममता बेनर्जी के भड़काऊ भाषण की वजह से पश्चिम बंगाल राज्य में अलग-अलग जगहों पर रामनवमी के जुलूसों को बाधित किया गया और उन पर हमला किया गया। उपद्रवियों को उकसाया गया। उपद्रवियों को आश्वासन दिया गया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी क्योंकि उनके हाथ बंधे हुए हैं।

ईडी ने अदालत से कहा

# केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद खा रहे आम व मिठाई

ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 'टाइप 2' मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च चीनी वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह दावा किया। उधर, आतिशी ने कहा कि केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है।

ईडी ने कहा कि टाइप 2 डायबिटीज होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं। वह प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गुरुवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब मामले की सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।

### खान ईडी के सामने पेश

आप के विधायक अमानतुल्ला खान को धन शोधन संबंधी एक मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में अग्रिम जमानत देने से इंकार के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया।

दिल्ली हवाई अड्डे पर दो गिरफ्तार

# 1.21 करोड़ रुपए का सोना बरामद, तस्करी का शक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.21 करोड़ रुपए मूल्य का सोना तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए सोने का वजन 1.89 किलोग्राम है।

जानकारी के मुताबिक, जेद्दा से आए आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को यहां पहुंचने पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान रबर जैसी चीज में लिपटे पीले रंग के रासायनिक पेस्ट वाले तीन अंडाकार कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें सोना होने का संदेह था।



### सोने की ईंट बरामद की

कैप्सूल को बाहर निकालने के बाद यात्री के पास से एक असमान आकार की सोने की ईंट बरामद की गई, जिसका वजन 917.3 ग्राम था। इस ईंट का मूल्य 59.81 लाख रुपए है। एक दूसरे मामले में सोमवार को जेद्दा से आये एक अन्य यात्री को रोका गया। यात्री और उसके सामान की तलाशी के दौरान उसके शरीर से तीन अंडाकार आकार के कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें पेस्ट के रूप में सोना होने का संदेह था।

छात्रों के भगवा कपड़े पहनकर आने पर प्रवेश की नहीं दी इजाजत

तेलंगाना के मिशनरी स्कूल में बढ़ा विवाद

# गुस्साए लोगों ने जमकर की तोड़फोड़, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के मंचेरियल जिले के एक मिशनरी मंडली के द्वारा स्कूल में भगवा रंग के कपड़े पहनकर आए छात्रों को रोक दिया गया था। जब इस बात की जानकारी लोगों को लगी तो वे भड़क गए। लोगों की नाराज भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की। यह घटना 16 अप्रैल को उत्तरी तेलंगाना जिले के कन्नेपल्ली गांव में लक्सेटिपेट के सेंट मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई।

मंचेरियल के डीसीपी ने बताया कि स्कूल में एग्जाम चल रहे थे। पेपर के बाद प्रिंसिपल ने कहा कि वे वर्दी पहनकर आएं और अगर वे भगवाधारी कपड़े पहनना चाहतें हैं तो उन्हें इस बात की इजाजत लेनी होगी। इस बात पर लोग भड़क गए। पहले भी प्रिंसिपल के खिलाफ कुछ शिकायतें थीं और यह बात ज्यादातर लोग जानते थे।

### पुलिस ने दर्ज किया केस



पुलिस ने स्कूल प्रशासन पर आईपीसी की धारा 153ए और 295-ए के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं, तोड़फोड़ करने वालों पर आईपीसी की धारा 323, 427, 452, 506 और 143 के साथ 149 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**स्कूल में जबरदस्ती घुसने की कोशिश**

स्कूल प्रशासन ने अपनी शिकायत में कहा कि मंगलवार की सुबह करीब 500 से ज्यादा लोग स्कूल पहुंच गए। उन लोगों ने करीब चार घंटे तक स्कूल पर हमला किया। कुछ लोगों ने स्कूल में जबरदस्ती घुसने की कोशिश की। इतना ही नहीं, स्कूल स्टॉफ के साथ मारपीट और खिड़कियों को भी तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा की एक मूर्ति और गेट तोड़ दिया गया है।

### पुलिस ने दर्ज की दो एफआईआर

स्टूडेंट के माता-पिता और स्कूल प्रशासन की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस सभी वीडियों की जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में एक छात्र के माता-पिता ने कहा कि उनके बेटे और चौथी कक्षा में पढ़ने वाले एक अन्य साथी को हनुमान दीक्षा के कपड़े पहनने की वजह से स्कूल में एंट्री नहीं करने दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने जानबूझकर उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)